Leave of absence to Shri Syed Abdul Hallik

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have to inform Members that I have received the following letter from Shri Syed Abdul Malik:

"I have the honour to inform you that I left for London on a cultural tour on the 19th April, 1981... So I shall not be able to be present in the Parliament up to the 8th May, 1981.

May I request you to please grant me leave of absence in the House from 20th April, 1981 up to 8th May, 1981."

Is it the pleasure of the House that permission be granted to Shri Syed Addul Malik for remaining absent from all the meetings of the House during the current Session?

(2Vo *hon. Member dissented)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Permission to remain absent is granted.

CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

The communal incidents in and around Bihar Sharif (Bihar) resulting to the death of several persons and injuries to many others.

श्री सत्यपाल मलिक : (उत्तर प्रदेश) मान्यवर, जिस सिलसिले में कालिंग अटेंशन हम ले रहे हैं, इतना भयानक दंगा हिन्दुस्तान में हुआ है ...(**व्यवधान**)

श्री उपसभापति : : हमने कालिंग अटेंशन ले लिया है आप भाषण नहीं दे सकते हैं, अब कालिंग अटेंशन होने दीजिये ..(**व्यवधान**)

श्री सत्यपाल मलिक : मान्यवर, प्रधान मंत्री जी को यहां मौजूद होना चाहिए ।

श्री उपसभापति : गृह मंत्री जी यहां मौजूद हैं, आप बैठ जाइये ...(**व्यवधान**)

श्री हुक्म देव नारायण यादव (बिहार) : प्रधान मंत्री जी को रहना चाहिए ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Home Minister is concerned with it and Home Minister is there to reply.

श्री सत्यपाल मलिक : प्रधान मंत्री जी का दौरा कैंसिल कराइये ...(**व्यवधान**)

श्री उपसभापति : अब आप बैठ जाइये ।

You have raised an irrelevant point. Home Minister is there to reply.

श्री सत्यपाल मलिक : प्रधान मंत्री जी का दौरा कैंशिल कराइये ...(**व्यवधान**)

श्री उपसभापति : जो मंत्री संबंधित हैं वे बैठे हुए हैं ...(**व्यवधान**)

श्री हुक्म देव नारायण यादव : यह इनके काबू का नहीं है ।

श्री उपसभापति : आप बैठ जाइये ।

श्री हुक्म देव नारायण यादव : उनका दौरा कैन्शिल कराइये ...(**व्यवधान**) वे जगन्नाथ मिश्र की बात मानेंगे?

श्री उपसभापति : आप जाइये जगन्नाथ मिश्र जी से बात करिये ...(**व्यवधान**)

Mr. J ha, please.

gSHRI SHIVA CHANDRA JHA (Bihar): Mr. Deputy Chairman, I Ibeg to call the attention of the Minister of (Home Affairs to the communal incidents in and around Bihar Sharif (Bihar) resulting in the death of geveral persons and injuries to many others and the steps taken by Government in this regard.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (GIAN! ZAIL SINGH): Sir,

[Shri Shiva Chandra Jha]

it is with a heavy heart and deep anguish that I rise to make **a** statement about the deplorable incident of communal violence which have taken place in and around Bihar Sharif in Bihar State during the last few days.

According to the information received from the State Government, the communal trouble started around 4.30 P.M. on 30th April, 1981. A drunken brawl between youngmen belonging to the two communities escalated into a serious clcsh in which bombs, crackers and fire-arms were used. Similar incidents of communal violence were reported from, other areas of the town and some adjoining villages. Local Administration took prompt action and rushed police force to control these incidents. Indefinite curfew was imposed at 5.00 A.M. on the 1st May, 1981. The situation in Bihar Sharif town was not allowed to deteriorate but incidents were reported from some rural areas on the 2nd and 3rd May, 1981. According to the reports received from the State Government, 47 precious lives have been lost and 68 persons have been injured in these clashes. 320 persons have so far been arrested. The State Government have decided to impose collective fines in riot affected areas. On our part, the Central Government has provided assistance in the form of Contingents of Border Security Force and Central Reserve Police Force to assist the State Government in controlling the situation. Two helicopters have been placed at the disposal of the State Government in order to facilitate surveillance of riot affected areas. The Prime Minister air-dashed to Bihar Sharif and visited the injured persons in the hopistal and the evacuees in a camp to console them in their distress. She also reviewed the measures taken by the State Government with the Governor, Chief Minister, State Ministers and officials. She impressed upon them the need to take firm action to put down the trouble with utmost expedition and restore confidence amongst the minority community. She also met peoples' representatives and prominent leaders of the two communities and urged them to create conditions conducive to restoration of peace and harmony. The Prime Minister has donated Rs. 5 lakhs from the Prime Minister's Relief Fund for the affected families in addition to relief and succour provided by the State Govern-ment.

The situation is being speedily brought under control by the law and order machinery. I would appeal to all the members of the House to lend their cooperation to the Government in creating favourable conditions for an early restoration of normalcy. I offer nay heartfelt sympathy to those who have suffered in these riots.

श्री शिव चन्द्र झा : उपसभापति जी, पहले मेरी दरख्वास्त है कि आप रनिंग कमेंट्री न करें। जितनी देर आपको समय देंगे, उतना हमको बोलने दें। डिस्टर्बेंस ज्यादा होता है आपकी कमेंट्री से।

श्री उपसभापति : इस पर बोलने वाले बहुत हैं। कृपा करके संक्षेप में कहिए।

श्री शिव चन्द्र झा : कालिंग अटेंशन की परम्परा भी रही है ना। बोलने वाले हैं, तो आप सब को बुला सकते हैं।

आपको जो चीज सैंक्शन करनी होती है, तो सब को बुला लेते हैं... (व्यवधान)

श्री उपसभापति : एक बात मैं आपको बता दूं कि क्योंकि बोलने वाले माननीय सदस्य बहुत से हैं, इसलिए आज लंच नहीं होगा और कालिंग अटेंशन कंटिन्यूड रहेगा।

श्री शिव चंद्र झा : उपसभापति जी, पहली बात तो यह है कि मंत्री महोदय का जो वक्तव्य है, वह बिल्कुल असंतोषजनक है। कैसे? थोड़ी देर के लिए यह जो बताते हैं कि

प्रधान मंत्री जी वहां गई हैं, उन्होंने इसका जिक्र नहीं किया, कहते तो हैं कि 30 तारीख को चार बजे हुआ । प्रधान मंत्री जी किस तारीख को गई हैं, इसका उन्होंने जिक्र नहीं किया और इसके पहले बिहार का मुख्य मंत्री क्या करता था । वह गया कि नहीं गया ? यह इन्होंने नहीं बताया ।

श्री रामानन्द यादव (बिहार) : वे पुलिस भेज रहे थे, सी०आर०पी० को भेजा ।

डा० भाई महावीर (मध्य प्रदेश) : क्या यह साथ साथ जवाब देंगे ?

श्री शिव चन्द्र झा : इनके वक्तव्य में ही है कि जो झगड़ा शुरु हुआ है, वह नशा पीने की दुकान से लेकर हुआ । लेकिन इन्होंने यह नहीं बताया है कि उसके पीछे कोई डिस्प्यूट था कि नहीं था ?

बातें अब बाद में आ रही हैं । यह इन्होंने नहीं बताया । तीसरी बात जो असंतोषजनक है कि बिहारशरीफ में हुआ, लेकिन गांव में कैसे फैला ? यह आप काम क्या करते थे ? वहां पर मालो जस्ते थे कि डांस करते थे, यह क्यों फैला ? मान लीजिए थोड़ी देर के लिए कि बिहारशरीफ में हुआ, तो वहीं पर कांफाइंड रहता, वहीं पर कण्ट्रोल रहता, यह देहातों में क्यों फैला, इसको अफसरों ने क्यों नहीं रोका ?

चौथी जो अस्पष्ट बात है इस वक्तव्य से—जो बातें आ रही हैं, आर्म्स और गंस और यह सब तो बाम्बत निकल रहे हैं, जो बातें हैं, इसका इन्होंने थोड़ा जिक्र किया है, लेकिन क्या इसके पीछे कुछ पूर्व नियोजित, प्लैंड कोई साजिश, कोई एंटी-सोशल एलीमेंट नहीं है जोकि—मैं कहूंगा एन्टाइर सोशल सामाज विरोधी ही नहीं, बल्कि किण्टो जय चंद और मीर जाफर हैं, जो समाज में दंगा करवा करके जो हमारी एकता है, उसको तोड़ना चाहते हैं । आपने साम्प्रदायिक दंगे को रोकने का काम किया है कि नहीं, मैं नहीं जानता । लेकिन मैंने किया है । 1946–47 का जमाना था । पं० जवाहरलाल पटना आए हुए थे, उनका कुर्ता फाड़ दिया गया था बिलेस सीनेट हाल में । जयप्रकाश नारायण ने एक दस्ता बनाया हम लोगों का मुंगेर गये बड़ैया में गये, जमालपुर गये और फौजी व पागलपन दोनों कम्यूनिटी का ऐसा पागलपन था जिसका वर्णन करना मुश्किल है । तो यह फौजी, इस पागलपन को दूर करने के लिए आपके अफसर और आप क्या करते रहे, इसका भी उन्होंने जिक्र नहीं किया । और सबसे बड़ी बात जो अस्पष्ट है प्रधान मंत्री के वक्तव्य में—खराब काम नहीं किया । यह मैं मानता हूं, खराब काम नहीं किया । जाकर के गुफ्तगू की । लेकिन वह काम बहुत जल्दी कर सकती थीं जिस में उन को कुछ खर्चा नहीं होता । जो वक्तव्य दिया उसकी जरूरत नहीं थी । जगन्नाथ मिश्र को बुला कर कहतीं —यू गेट आऊट You step down as you have failed to control the situation. जगन्नाथ मिश्र की सरकार को तुरंत बर्खास्त कर देतीं । उस में कुछ खर्चा नहीं होता । ये जिम्मेदार हैं, उपसभापति महोदय . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री महेन्द्र मोहन मिश्र : (बिहार) जमशेदपुर की घटना के वक्त क्यों नहीं हटाया था ?

श्री शिव चन्द्र झा : आप बैठिए, बैठिए मिश्र जी । जरा आरम्भ कीजिए, हवा लगाइए तो यह मुख्य काम है । सरकार वहां की निकम्मी है, उसको अविलम्ब बर्खास्त करना चाहिए । लेकिन वहां जाकर आशीर्वाद दे दिया, पीठ ठोंकी कि जो कुछ करना है करो । बिहार से वापस आकर अपना टिकट ले लिया जेनेवा को, वह जेनेवा का शानदार लेक विजिट करने के लिए चली गई जो कि नहीं करना चाहिए था । तो ये बातें अस्पष्ट हैं . . . (**व्यवधान**) . . . हम लोगों का दिल भर आता है । आपने अपनी बहादुरी जवांमर्दी दिखाई, वहां तो प्लेन सेबोटाज में आपने आफिसर को बर्खास्त कर दिया । लेकिन यहां कितने मजिस्ट्रेट को बर्खास्त किया ?

श्री रामानन्द यादव : पांच छ : ।

श्री शिव चन्द्र झा : पुलिस अफसर क्या कर रहे थे ? तमाशा कर रहे थे ?

श्री महेन्द्र मोहन मिश्र : 10 पुलिस अफसर, 5 मजिस्ट्रेट को बर्खास्त किया गया ... (**व्यवधान**)

SHRI HAREKRUSHNA MALLICK (Orissa): Sir, let the Home Minister alone reply.

श्री मनुभाई पटेल (गुजरात) : क्या ये सभी होम मिनिस्टर बन जाते हैं ? कितने होम मिनिस्टर्स हैं---एक-दो-तीन ?

श्री उपसभापति : बैठिए, आप शांत रहिए ।

श्री शिव चन्द्र झा : उपसभापति महोदय, बहुत दुख की और दर्दनाक बात है । इस के दो पहलू हैं, एक लांग रन और एक शार्ट रन । लांग रन में सांप्रदायिक भावना को तर्क करने की, दृष्टिकोण को बदलने की जरूरत है । मानस को बदलने की जरूरत है । कहलाने के लिए वह सेकूलर हैं और चाहती हैं मातादेवी, वैष्णो देवी, तिरुपति और कहां कहां देख आएं । इस से सांइंटीफिक दृष्टिकोण नहीं आता है । यह जो वैल्यू है चिंतन की इस में परिवर्तन की जरूरत है, जो कि लंबे समय की बात है ।

श्री उपसभापति : यह लंबी बात छोड़िए । लंबी बात मत कीजिए ।

श्री शिव चन्द्र झा : तो यह जहर हमारे दिमाग में हवा भर कर, ट्रेनिंग देकर, शिक्षा देकर, लांग टर्म में जाकर दूर करना है । अभी तो सिर्फ शासन में परिवर्तन की जरूरत है ।

श्री उपसभापति : दूसरा जो शार्ट टर्म है उसको तुरन्त कह कर बात समाप्त कीजिए ।

श्री शिव चन्द्र झा : उपसभापति महोदय, स्पष्ट है कि बिहार सरकार का निकम्मापन वह कहा जाएगा । जब हमारा सवाल आता है । आप छटपटा रहे हैं ।

श्री उपसभापति : समय बहुत ले रहे हैं ।

श्री शिव चन्द्र झा : आप बैठे रहिए मैं खत्म कर रहा हूं ।

श्री उपसभापति : बैठे तो हैं । आप खड़े हैं इसलिए आपको बैठने को सलाह दूंगा ।

श्री शिव चन्द्र झा : तो अखबार में यह बात आई है । ...

श्री उपसभापति : प्रश्न पूछिए, अखबार की बात छोड़ दीजिए ।

श्री शिव चन्द्र झा : देखिए यह दिल्ली का अखबार है, लिखा है :

'It is surprising that the authorities could not have been aware that the situation had developed owing to a dispute concerning a graveyard."

झगड़ा ट्रिगर आफ कैसे हुआ ? विवाद पहले से चला आ रहा था । उसके बाद डिमांस्ट्रेशन के बारे में लिखा है ---

"The Bihar administration is the worst in our country. The administration is weak and lax even in the best of times."

सब अखबार ऐसा कह रहे हैं । अब मेरा सवाल है कि क्या यह बात सही नहीं कि जो दो नौजवानों में नशा को लेकर दूकान पर जो बातें हुई उस के पीछे जमीन को लेकर ग्रेवयार्ड को लेकर बात थी या नहीं ? इस का पता आप ने लगाया कि उसने ही ट्रिगर-अप किया है ? अब दूसरा सवाल है कि जब वह गड़बड़ बिहारशरीफ में हुई तो वह दूर न जाय, गांवों में न फैले उसके लिए अथोरिटीज ने, पुलिस वालों ने क्यों नहीं सतर्कता दिखायी और कौन से कदम उठाये ? आप ने हायर-अप्स से क्यों नहीं पूछा कि गांवों में यह कैसे फैला, तुम क्या कर रहे थे ? आप खुद अपने स्टेटमेंट में कहते हैं कि 30 तारीख को 4 बजे हुआ, तो 3

तारीख को मुख्य मंत्री क्यों नहीं स्पाट पर गया? जब 4 तारीख को प्रधान मंत्री जाती हैं तो 'यस मेडम' 'नो मैडम' करते हुए उनके साथ जाते हैं। तीन दिन तक वह क्यों नहीं गये । जगन्नाथ मिश्र क्या करते रहे ?

श्री महेन्द्र मोहन मिश्र : आप कान खोल कर सुनिये । उन्होंने सारी व्यवस्था की । उन्होंने नहीं किया तो यह कि (व्यवधान) पकड़ा नहीं । (व्यवधान) साफ दिमाग से साफ इरादे से बोलो।

R. SARUP SINGH (Haryana): I will request to all that such questions...' *(Interruptions)*

SHRI SADASHIV BAGAITKAR (Maharashtra): Thii la a serious issue There should be some limit. *(Interruptions)* What is thig nonsense? (*Interruptions)*

SHRI P. RAMAMURTI (Tamil Nadu): Sir, Members of the Opposition might get angry sometimes. But today we are discussing something very tragic in the history of the country. I would request the members of the ruling party not to act in this way. This is not the way. Let them hear. The iHome Minister is there to answer. If some charges are made against the Chief Minister, the Home Minister will take charge of it. To create disturbances is not correct. Unfortunately, this is not the occasion. This is not correct because the people will think that we are using the Parliament for hurling abuses against each other and are not high-lighting something which is very serious. Therefore, I would appeal to all of them to.. *(Interruptions)*

SHRIMATI USHA MALHOTRA (Himachal Pradesh): I just made a request.. *(interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You know it very well that it is all very easy to make appeal*. I appreciate your appeal; yo*» also follow it. But others will make an appeal which they will not follow themselves. So I would request all of you. *(Interruptions)* There will be no difficulty if you restrict yourselves to ask questions. *(Interruptions).*

हर आदमी शिक्षा देने के लिए चतुर है । उसे अपने ऊपर लागू करना बेहतर होगा ।

D

DR. SARUP SINGH; My request to you all is: Please keep this discussion above politics, otherwise you cannot solve the problem of commu-nalism in this country. No politics: I appeal to all of you.

श्री उपसभापति : अब आप सवाल समाप्त करिये कृपा कर के ।

श्री शिव चन्द्र झा : क्या आप ने इसके लिये जुडिशियल इंक्वायरी मुकर्रर की है? यदि नहीं की है तो क्यों नहीं की है? इसके लिये तुरन्त जुडिशियल इंक्वायरी मुकर्रर की जानी चाहिए और मेरा आपसे आग्रह है कि जुडिशियल इंक्वायरी तो वह मुकर्रर करायें लेकिन आप स्वयं पार्लियामेंट मेम्बर्स की एक कमेटी बना कर तुरन्त इसकी इंक्वायरी के लिये भेज दें। संसद के सदस्यों की आप एक कमेटी बनावें और भेजें इस की जांच के लिये कि क्यों इस तरह की लहर वहां गांवों में फैल गयी ।

पांचवा सवाल है मेरा कि कितने मैजिस्ट्रेटस को और पुलिस अफसरों को आप ने सस्पेन्ड किया।

श्री उपसभापति : यह तो आप पूछ चुके हैं। दोहराइये मत।

श्री शिव चन्द्र झा : यदि उनको आप ने सस्पेन्ड नहीं किया तो क्यों नहीं किया ?

[श्री शिव चन्द्र झा]

और छठा सवाल है कि वहां रेलवे वैगन में एक्सप्लोसिव्ज पकड़े गये हैं और सारे अखबारों में यह बात आ गयी है। वह झाझा से दानापुर आये। व्हाट इज दिस। क्या इस सब के पीछे कोई साजिश चल रही है? क्या यह प्रि-प्लान्ड था? क्या आप ने इस का पता लगाया कि उस रेलवे वैगन में जो एक्सप्लोसिव्ज थे वह कहां से और किस ने भेजे और कहां जा रहे थे? आप इस का जवाब दें।

वहां मरने वालों की संख्या सरकार ने बतायी है कि 200 है। लेकिन वहां दो सौ से ज्यादा लोग मरे हैं और 500 से ज्यादा घायल हुए हैं। और क्या यह बात सही नहीं है कि 200 से ज्यादा लोग वहां मरे हैं और पुलिस की गोली से कितने मरे हैं? इस बात को आप ने नहीं बताया। शूट ऐट साइट का जो आर्डर दिया गया था उस के कारण कितने लोग मरे हैं?

इसके बाद प्यूनिटिव टैक्स की बात उन्होंने कही कि वह वहां लगा दिया गया है। यह एक गंभीर बात है। अंग्रेजी जमाने में 1942 की मुझे याद है....

श्री उपसभापति : यह तो रोकने के लिये किया गया है।

श्री शिव चन्द्र झा : 1942 में यह प्युनिटिव टैक्स लगाया गया था। वह सारी याद ताजा है। यह भी एक हथियार है। लेकिन इस में बड़े बड़े मगरमच्छ नहीं पकड़े जाते हैं और जो गांव में छोटे लोग रहते हैं वे ही पकड़े जाते हैं। मैं यह नहीं कहता कि क्यों लगाया, लेकिन मैं यह कहता हूं कि यह हथियार बूमेरैंग करता है। वह लोग गांवों में जायेंगे और जबरदस्ती पैसा वसूलेंगे और इस से रिसेंटमेंट बढ़ेगा। इस लिये मैं कहना चाहता हूं कि आप इस अख्तियार को जरा सोच समझ कर इस्तेमाल करें। आप उन को गिरफ्तार करिये, जेल में बंद करिये। यह सब बातें ठीक हैं।

तो अब मेरा आखिरी सवाल है कि यह एक्सप्लोसिव वातावरण वहां बना क्या इसके के पीछे कोई प्रि-प्लान्ड साजिश थी? इसके पीछे कौन इलीमेंट हैं इस इस का पता लगा कर आप को सदन को बताना चाहिए। यह लोग ही मीरजाफर और जयचंद हैं और इतिहासकार इन को कभी माफ नहीं करेगा। इतिहासकार इन को हमेशा कंडम करेगा। इन शब्दों के साथ मैं चाहूंगा कि आप मुख्य मंत्री बिहार को बरखास्त करें।

ज्ञानी जैल सिंह : श्रीमन् उपसभापति जी आनरेबिल मेम्बर के जज्बात और उन की फिक्र और चिन्ता के साथ मैं अपनी सहमति प्रकट करता हूं और यह सवाल एक ऐसा सवाल है कि जो ऊंची कौमों के लिये बहुत खतरनाक सूरत अख्तियार कर सकता है। मैं खुद भी इस बात पर परेशान हूं। हमने सब मुख्य मंत्रियों को और यूनियन टेरेटरीज को यह कहा था मुरादाबाद के इंसिडेंट के बाद सी आई डी को इतना मजबूत करें कि कहीं भी कोई बात या किसी बात की भनक मिले तो उसके लिये इंतजाम किया जा सके उसके लिये प्रिवेंटिव मेजर्स लेना निहायत जरूरी है। मैं बड़े दुख के साथ कहता हूं कि यह दुर्घटना बहुत बुरी है और मेम्बरों के संटीमेंट की मैं कद्र करता हूं। मगर मैं यह भी प्रार्थना करूंगा जैसा राममूर्ति जी ने कहा उनका कहना भी ठीक है जो मेम्बर, ज्यादती करें एक दूसरे पर इल्जाम लगाये तो इसके लिये बहुत मौके हैं जब एक दूसरे को कंडम कर सकते हैं। सरकार के खिलाफ

कुछ कहना है तो उनको कहने का हक है मैं सुनने के लिये तैयार हूं। अगर कोई सुझाव देते हैं तो सुझाव के मुताबिक हम काम कर सकते हैं।

दिल के फफोले जल उठे सीने की आग से

इस घर को आग लग गई घर के चिराग से

ऐसी दुर्घटना जहां हमारे भाई एक दूसरे भाई का गला काटने के लिये तैयार हो जाएं तो ताज्जुब की बात है। आनरेबल मेम्बर, मेरे से पूछते हैं कि दो तारीख से लेकर चार तारीख तक क्या करते रहे। मुझे जो इत्तला मिली वह यह है कि वह इसी फिक्र में भागते रहे। अफसरों की मीटिंग बुलाई। कुछ अफसरों को सस्पेंड किया। यह मैं गिनती एक्जेक्ट इसलिये नहीं दे सकता क्योंकि बिहार की सरकार ने एक्जेक्ट गिनती हमें नहीं दी है। जब मेरे पास एक्जेक्ट गिनती आ जाएगी तो मैं उसको देखूंगा। आनरेबल मेम्बर, ने यह भी कहा है कि छोटे-छोटे आदमियों को सजा मिलती है और बड़े बड़े मगरमच्छों को बचा दिया जाता है। इसके लिये भी मैंने अपनी राय उनको दे दी है कि छोटे लोगों को गिरफ्त बड़े लोगों को पकड़ें, जिनका नेगलीजेंस है जिनकी सुस्ती की वजह से है या किसी शरारत की वजह से है जो ऐसा करेंगे क्योंकि वहां बाई-इलेक्शन हो रहा था और बातें भी हो रही होंगी, मगर मैं इसके लिये हाउस को यकीन दिलाना चाहता हूं कि हम किसी का लिहाज नहीं करेंगे और जो असलियत निकलेगी वह सब आपको बता दी जाएगी। आनरेबल मेम्बर, का यह भी ख्याल है कि वहां पर जुडिशियल इंक्वायरी होनी चाहिये। मैं जुडिशियल इंक्वायरी के हक में हूं और मैं उनको राय भी दूंगा। लेकिन मैंने यह भी सोचा है कि ऐसे वाकयात की जुडिशियरी इंक्वायरी होने से कहीं कोई ऐसी बात तो नहीं हो जाएगी कि जो कलप्रिटस हैं वे अपने ढंग से बात करके कहीं बच न जाएं। एक बात तो मैंने उनको कही है कि स्पेशल कोर्ट बने और स्पीडली इन बातों को देखा जाए। मगर हाउस अगर चाहे तो मैं इस बात के लिये तैयार हूं और मैं बिहार की हुकूमत को कहूंगा कि जुडिशियल इंक्वायरी करे और जुडिशियल इंक्वायरी भी हाई कोर्ट के किसी जज या रिटायर जज के मातहत की जाए।

श्री शिव चन्द्र झा: हां, यह कराया जाए।

ज्ञानी जैल सिंह: एक बात मैं जरा साफ कर दूं ताकि गलतफहमी न हो जाए। कल जो मैंने लोकसभा में कहा था कि उस में 42 मरने वालों की संख्या है तो आज जो इत्तला मुझे मिली है वह 45 है।

श्री शिव चन्द्र झा: अखबारों में 49 आया है।

श्री उपसभापति: अखबार को छोड़िए इनकी बात को सुनिये।

ज्ञानी जैल सिंह: 49 की जो बात है उसके लिये मैंने कोशिश की। मैंने कहा कि 49 की अगर बात है तो हम को जल्दी बता दिया जाए। उन्होंने कहा हमारी नजर में पुरानी लाशें आई हैं। वह 45 हैं।

श्री उपसभापति: आपने 47 कहा है।

ज्ञानी जैल सिंह: सुबह उन्होंने कहा था 45 और जब मैं हाउस में आ रहा

[ज्ञानी जैल सिंह]

था तो उस वक्त करेक्शन की । दो आदमियों की लाशें उन्होंने और बताई, इस तरह से 47 हो गई । मैं मान सकता हूं हो सकता है और भी लाशें निकलें लेकिन मैं आनरेबल मेम्बर से कहूंगा कि वह जो कहते हैं कि 200 से ज्यादा है यह बात गलत है । इसमें 5–10 का हेरफेर हो सकता है । मैंने यह भी कहा था कि पकड़ने वालों की गिनती 255 है लेकिन अब वह गिनती 320 हो गई है । यह भी हाउस को बताना था और जो यह पूछा गया है कि सरकार ने क्या-क्या कदम उठाये हैं यह बात भी दुरुस्त है, जरूर पूछनी चाहिए । हाउस की जानकारी के लिए मैं कहूंगा कि स्थिति को काबू करने के लिए केन्द्रीय सरकार ने और हम लोगों ने मुनासिब सहायता पहुंचाई है । बी०एस०एफ० और सी०आर०पी० की टुकड़ीयों को प्रान्तीय सरकार के मांगने पर बिहार शरीफ के लिए भेज दिया गया है । दूसरी बात यह है कि प्रदेश सरकार ने दंगाग्रस्त इलाकों में क्लेक्टिव जुर्माने लगाने का फैसला किया है ।

श्री उपसभापति: वह तो आपने पढ़ दिया है ।

ज्ञानी जैल सिंह: कितना लगाने का फैसला किया है, यह नहीं बताया है... (व्यवधान) । आप मेरी बात तो सुन लीजिये । इसमें 25 हजार से लेकर एक लाख तक की रकम गांव की स्थिति के मुताबिक रखी गई है । दूसरी बातें मैंने अपने स्टेटमेंट में बता दी हैं । दंगाग्रस्त इलाकों में पुलिस की सर्च जारी हैं और एक मकान से पांच क्विंटल एक्स-प्लोसिव मैटिरियल मिला है और 15 बम निकले हैं और हमने प्रदेश सरकार को यह हिदायत कर दी है कि इस मामले में बहुत तेजी से काम किया जाय । आपको मालूम है कि प्रधान मंत्री जी वहां गई । यह बात मैंने अपने स्टेटमेंट में मेंशन कर दी है । आनरेबल मेम्बर ने यह भी पूछा कि क्या पुलिस की गोली से किसी की मौत हुई । पुलिस की गोली से कोई मौत नहीं हुई । यह भी बताया गया कि हमको अपनी पुलिस के और दूसरे सरकारी कर्मचारियों के कार्य करने के ढंग को बदलना चाहिए । चूंकि ऐसे दंगों को रोकने के लिए बहुत अच्छी ट्रेनिंग होनी चाहिए, समझदारी होनी चाहिए, उसके लिए हम उपाय कर रहे हैं । मैं इस बात से इत्फाक करता हूं कि जो पुराना ढंग है उसको बदलना होगा । जहां तक आफिसर्स का ताल्लुक हैं, अभी तक मेरे पास जो इत्तिला है, पांच आफिसर्स और अन्य कुछ लोग हो सकते हैं, कुछ पक्कीकच्ची खबर मिली है कि उसमें एक दो बड़े अफसरों का हाथ मालूम होता है । लेकिन इस बारे में पूरी तरह से जाने बगैर, यकीन हुए बगैर, उनके खिलाफ वहां की सरकार ने बताया है कि हम एक्शन नहीं लेंगे । हम इसकी जानकारी कर रहे हैं । यह भी आनरेबल मेम्बर ने सुझाव दिया है कि इस मामले पर आल पार्टीज को सोचना चाहिए । मैं इस बारे में उनसे इत्फाक करता हूं । हम दुबारा उसको सोचेंगे । पहले भी हमने इसको सोचा था । यह मामला किसी एक पार्टी का नहीं है और न ही हम किसी पार्टी के खिलाफ कोई इल्जाम लगाते हैं । मिसक्रिएन्ट्स जो लोग होते हैं वे हर पार्टी में मिल सकते है । मैं आशा रखता हूं कि इस मामले में हिन्दुस्तान की तमाम छोटी और बड़ी पार्टियां अपनी-अपनी ताकत के मुताबिक सरकार को को-आपरेशन देकर ऐसे वाकयात को रोकने के

लिए और इसका समाधान करने के लिए अपना सहयोग देंगे ।

श्री उपसभापति : श्री भोला प्रसाद।

श्री शिव चन्द्र झा : श्रीमन्, मैंने पूछा था कि आपने जो सी० आर० पी० बिहार में भेजी है क्या इसका मतलब यह नहीं है कि बिहार की मशीनरी जर्जर हो गई है, इनकेपेबल हो गई है? इसका जवाब इन्होंने नहीं दिया है ।

श्री उपसभापति : अब आपकी तरफ से बहुत सवाल हो चुके हैं । उन्होंने आपके प्रश्नों का जवाब दे दिया है ।

श्री शिव चन्द्र झा : इन्होंने मेरे प्रश्नों का जवाब नहीं दिया है... (**व्यवधान**) ।

श्री उपसभापति : अभी सारे मामले की जांच हो रही है। आप बैठ जाइये । किसी और को भी आप बोलने देंगे या नहीं? ...(**व्यवधान**) । अब आप बैठ जाइये । श्री भोला प्रसाद ।

श्री भोला प्रसाद (बिहार) : उपसभापति जी, माननीय मंत्री जी ने बताया है कि बिहार-शरीफ में दंगों की घटनाओं के बारे में और उनको रोकने के लिए क्या-क्या कार्यवाही की जा रही है । मैं जानना चाहता हूं कि जब मुख्य मंत्री जी प्रधान मंत्री के साथ 4 मई को बिहार-शरीफ गए, उसके बाद ही मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों को मुअत्तल किया गया इस बिना पर कि उन्होंने दंगे रोकने के प्रति लापरवाही बरती। हम यह जानना चाहते हैं कि लापरवाही बरती गई इसकी रिपोर्ट मुख्य मंत्री और बिहार सरकार के पास कब आई और यह कार्यवाही किस तारीख को की गई ? यह सवाल मैं इसलिये कर रहा हूं क्योंकि ऐसा लगता है कि अगर लापरवाही नहीं बरती गई होती , जैसा कि खुद सरकार के इस कदम से भी मालूम होता है कि वहां पर लापरवाही बरती गई, जिसकी वजह से दंगे बढ़े और दंगे और भी फैले । तो यह लापरवाही बरती गई तो उसको रोकने के लिये राज्य सरकार की ओर से क्या तत्परता दिखाई गई जिससे कि आगे ऐसी लापरवाही न बरती जाय । एक ताड़ी की दुकान पर दो नशेबाजों में गाली-गलौच और मारपीट हुई और उसके बाद ये दंगे तुरन्त फैल गये । इससे लगता है कि दंगा कराने वाले तत्व इसके लिए पहले से ही तैयार थे सब कुछ के लिये और वे इसके लिए कोई बहाना चाहते थे। इसलिय दुकान पर दो आदमियों के बीच जो झगड़ा हुआ उसको लेकर उन्होंने दंगे फैलाने शुरू कर दिये । जब स्थानीय पुलिस के अधिकारियों को इस बारे में पता चला, तो ये दंगे फैले नहीं, यह घटना दंगे का रूप न ले इसके लिये उस वक्त क्या कार्यवाही की गई ? क्या उस वक्त फौरन स्थानीय पुलिस अधिकारियों की ओर से, मजिस्ट्रेट की ओर से कदम उठाये गये ? अगर उठाये गये होते तो फिर इस तरह से जो दंगे फैले तेजी से वे नहीं फैलते । क्या एक भी फायरिंग आसमान में की गई ताकि जो घटना हुई है इसकी वजह से दंगे भड़के नहीं। अगर नहीं की गई तो फिर क्या कार्यवाही की गई? इस बात से ऐसा लगता है कि कुछ अधिकारियों को मुअत्तिल किया गया है ठीक है लेकिन सरकार की ओर से जो लापरवाही बरती गई है, क्योंकि बिहार-शरीफ ऐसे मामले में बहुत नाजुक है । वहां पर इस बारे में पहले से भी रिपोर्ट मिल चुकी थी कि एक वैगन एक्सप्लोसिव का सामान वहां पर बाहर से भेजा गया था । कहां से भेजा गया, मालूम नहीं । लेकिन उपसभापति जी, बिहार-शरीफ के बारे में यह समाचार मिला था कि वहां पर जो कब्रगाह है उस कब्रगाह में एक मूर्ति अलग से रख दी गई जिसकी वजह से वहां पर तनाव की स्थिति पैदा हो गयी है । तो ये सब बात

श्री भोला प्रसाद]

पहले से मालूम थी और सरकार को भी मालूम थी । जब ये बातें पहले से मालूम हो गयी थीं कि कब्रगाह में ऐसी घटना हो गयी है और एक वैगन एक्सप्लोसिव बाहर से भेजा गया है तो क्या सरकार इस इंतजारी में बैठी रही कि जब आगे और आगे भड़केगी तब हम कार्यवाही करेंगे ? क्या सरकार ने अपने आफिसरों को हिदायत दी थी और आफिसर बैठे रहे और यह सोचते रहे कि आग जब भड़क जायेगी तब कुछ करेंगे । उपसभापति महोदय, तो सिर्फ यह कह देने से कि कार्यवाही की गई इससे संतोष नहीं होता है और सही मायने में सरकार ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई है । कहा जा रहा है कि एक हाई अफिसर भी इस के लिय जिम्मेदार हैं, दोषी है लेकिन अभी इस बारे में तहकीकात की जा रही है । मैं चाहता हूं कि इसकी तहकीकात की जानी चाहिए कि ऊंचे दर्जे के सरकारी आफिसर किस हद तक इसके लिये जिम्मेवार हैं । अगर वे चाहते हैं कि सही मायनों में कि एक के बाद दूसरे हिस्से में यह आग न भड़के जो साम्प्रदायिक दंगे होते हैं, जो तनाव पैदा होता है, वह न हो तो इसके लिये उन्हें आवश्यक कार्यवाही करनी चाहिए थी । मैं चाहता हूं कि जो भी व्यक्ति इस के लिये जिम्मेदार है चाहे वह रूलिंग पार्टी का हो और चाहे जो भी हो उसके खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए और इस के बारे में दृढ़ता के साथ कदम उठाये जाने चाहिए । मैं यह भी जानना चाहता हूं कि कुछ अखबारों में यह भी समाचार आया है कि दंगे फैलाने वालों में कुछ आर० एस० एस० के स्थानीय कार्यकर्ता भी पाए गये, मैं यह जानना चाहता हूं कि यह बात कहां तक सच है ? क्योंकि अखबारों में यह बात आई है । अगर यह बात सही है तो इस के बारे में ऐतिहात के तौर पर सरकार क्या कदम उठाने जा रही है ? उसी तरह से अभी भी जो भी लोग मरे हैं वे ज्यादातर अल्पसंख्यक समुदाय के हैं । इसी तरह से जो घायल हुए हैं वे भी अल्पसंख्यक समुदाय के लोग हैं । अस्पताल में एक मुस्लिम लेडी जिसको स्टेब किया गया उसने खुद मजिस्ट्रेट के सामने कहा कि मेरे 6 दिन के बच्चे को कत्ल कर दिया गया । अस्पताल में उसने मजिस्ट्रेट के सामने यह गवाही दी । डाइंग डिक्लेरेशन में कहा गया कि 6 दिन के पहले के पैदा हुए बच्चे को कत्ल किया गया . . . (**व्यवधान**)

श्री रामानन्द यादव : आपकी बस्ती में, गांव में हुआ है । आपको मालूम . . . (**व्यवधान**)

شری عبدالرحمن شیخ (اُتر پردیش): ڈپٹی چیئرمین صاحب، یادو جی ہر بات کا جواب دیتے ہیں کیا ان کو ہوم ڈیپارٹمینٹ کا چارج دیا گیا ہے -

†**श्री अब्दुल रहमान शेख** (उत्तर प्रदेश): डिप्टी चेयरमैन साहब, यादव जी हर बात का जवाब देते हैं क्या उनको होम डिपार्टमैन्ट का चार्ज दिया गया है । . . . (**व्यवधान**)

श्री उपसभापति : आप सब का नाम है, आप को भी मौका मिलेगा ।

श्री रामानन्द यादव : मैं इसको इंकार नहीं करता मैं तो स्थान बता रहा था . . . (**व्यवधान**)

श्री उपसभापति : आपको मौका मिलेगा तो सफाई कर दीजियेगा . . . (**व्यवधान**)

شری سید احمد ہاشمی (اُتر پردیش): رولنگ پارٹی اور اپوزیشن پارٹی دونوں کے لئے یہ شرمناک بات ہے -

†tl] D'evainagri translation.

†[**श्री सैयद अहमद हाशमी** (उत्तर प्रदेश) : रूलिंग पार्टी और अपोजीशन पार्टी और दोनों के लिये यह शर्मनाक बात है ।]

श्री भोला प्रसाद : और मजिस्ट्रेट के सामने उस लेडी ने जो डाइंग डिक्लेयरेशन किया उसने उसमें एक नाम भी बताया है उसने कहा है कि जिस वक्त उसके बच्चे का कत्ल किया गया तो उसने विनती की। एक आदमी जो कोई राजकिशोर था, उसको उसने पहचाना, वह वहां पर मौजूद था । उसकी मौजूदगी में उसने कहा कि मेरे बच्चे को मत मारो । तो जो नाम आया है, राजकिशोर का नाम आया है, उसका आपको पता लगाना चाहिए कि क्या वह आर०एस०एस० का आदमी था, आर०एस०एस० का प्रमुख कार्यकर्ता था ....(व्यवधान) क्योंकि अखबार में इस तरह की बातें आ रही हैं । दूसरा यह कि 'जनशक्ति' का एक संवाददाता जोकि लाशों और घायलों के फोटो ले रहा था अस्पताल में से उसको निकाल दिया गया। वह इसलिए कि दंगों के खिलाफ 'जनशक्ति' ने शुरू से ही ज्यों ही यह बात मालूम हुई बड़ी तत्परता से कदम उठाया । सही बात को जानने के लिए उसको वहां से हटा दिया गया और उसे अस्पताल में फोटो नहीं लेने दिया गया । अंत में मैं जानना चाहता हूं कि जैसे कि अखबारों में आया है अब यह नालंदा में सीमित नहीं है नालंदा का बिहार-शरीफ तो एक ब्लाक है लेकिन जो आस पास के जो लोग हैं, उसको दूसरे गांव में फैला रहे हैं । तो ये दंगे बढ़ें नहीं, राज्य में फैलें नहीं इसके लिए क्या एहतियाती कार्यवाही की जा रही है । एक तो पुलिस की ओर से और किस तरह से ऐसे तमाम लोग जो दंगे को रोकने, शांति और सद्भावना कायम रखने में, कौमी मिल्लत बनाने में सही मायने में काम कर सकते हैं उन लोगों को लेकर वहां भी और आस पास के क्षेत्रों में देखें कि किस तरह से वहां कार्यवाही की जरूरत है जिससे कि यह आगे नहीं हों । इसके लिए सरकार की ओर से क्या कार्यवाही की जा रही है? साथ ही जो सामूहिक जुर्माने की बात कही गयी है तो वह सामूहिक जुर्माना किन पर लगाया जायेगा । क्या उन गांवों में सामूहिक जुर्माना लगाया जायेगा जिनमें दंगे होते हैं निर्दोष लोग मारे जाते हैं वहां पर । लेकिन सामूहिक जुर्माना क्या सभी निरपराध, निर्दोष लोगों पर, जिनका इससे मतलब नहीं है या जो इनको रोकने वाले संगठन में हैं, उन पर भी लगाया जायेगा, या जो समझेंगे कि जो इसके लिए जवाबदेह हैं उन पर लगाया जायेगा? तो यह किस पर लगाया जायेगा, जो जिम्मेवार समझे जायेंगे उन पर या सब पर जो कि इसके खिलाफ भी होंगे? यह बात सरकार को साफ करनी चाहिए ।

ज्ञानी जैल सिंह : सत्कार योग्य उप-सभापति जी, एक बात का मैं झा साहब को जवाब नहीं दे सका, गलती से रह गया, उनका जो कहना था कि यहां जो वैगन आये अम्यूनीशन लेकर या एक्स-प्लोसिव मेटीरियल लेकर जा रहे थे, उसके लिए मैं साफ करना चाहता हूं कि वे इन दंगों के साथ संबंधित नहीं थे, वे वैगन आर्मी के थे और फारवर्ड एरियाज के लिए ले जाये जा रहे थे । इन हमारे आनरेबुल मेम्बर ने जो सवाल किये हैं...

SHRI SADASHIV BAGAITKAR: That wagon was there at the Bihar Sharif station for six months. It was booked for some other station, but somehow that army wagon, as you say, was at the Bihar Sharif station for over six months.

1 PM

t[ ] Devnagari translation.

ज्ञानी जैल सिंह : इनके प्रति और जानकारी करा लूंगा और अब तक जो जानकारी मिली है वह यही है और मैंने आनरेबुल मेम्बर की इस राय को नोट कर लिया है और हम जानकारी करा लेंगे । एक उन्होंने कहा है कि क्या फायरिंग से कोई लोग मारे गये या नहीं । वह मैंने पहले ही बता दिया था कि फायरिंग तो हुई मगर मरा कोई नहीं, वह हवाई फायरिंग थी, डर और खौफ पैदा करने के लिए थी और क्राउड भी नहीं थी, जगह जगह आग लगाने की खबरें थीं और बमों के धमाके हुए थे । इसलिए उन्होंने किया था । गोली से कोई मरा नहीं है और यह कि जो जिम्मेवार साबित होंगे उनके खिलाफ कार्यवाही की जाय, मैं सहमत हूं । जरूर कार्यवाही करेंगे । यह एक जो लेडी के केस में बताया गया कि राजकिशोर जिसका नाम था... (व्यवधान) यह जो अब तक हमको इत्तिला मिली है वह यही है कि यह आर० एस० एस० का था ।

एक माननीय सदस्य : किस गांव में घटना घटी थी ।

ज्ञानी जैल सिंह : यह नालंदा का गांव है, गांव का नाम मुझे याद नहीं है... (व्यवधान)

श्री उपसभापति : वह साफ नहीं हुआ, आप जरा दोहरा दीजिए.. (व्यवधान) कृपया शांत रहिए, शांत रहने से सुनाई देगा ।

ज्ञानी जैल सिंह : जो कुछ मैंने कहा, जो मुझे वहां से जानकारी दी गयी वह मैंने हाऊस के सामने रख दी और जिस जानकारी में बिल्कुल जिंदगी नहीं नजर आती है, बिल्कुल ही बे-बुनियाद है तो भी मैंने आपको बताने की कोशिश की, लेकिन फिर भी जहां मेरा यकीन नहीं बनता है, शक भी नहीं पड़ता, उसको मैं आपके सामने नहीं रखता और आपके सामने जो भी बात रखनी चाहिए वह ठीक ठीक रखनी चाहिए और फिर गलती हो जाये तो कल मेरे सामने जो दोस्त बैठे हैं वे जिस वक्त प्रोसीडिंग पढ़ेंगे तो सोचेंगे कि कहां पकड़ सकते हैं गृह मंत्री को कि नहीं । हमारा लिहाज तो करते हैं लेकिन यहां तक लिहाज नहीं करते कि गलती कर दो फिर भी हमको माफ कर दें । तो इस लिए मेरी जिम्मेदारी है कि मैं सोच कर बात करूं और हुक्मरानों को हमेशा अपनी जबान और अपनी कलम पर काबू रखना चाहिए ।

आपने यह कहा कि यह जो आग फैल रही है गांव में भी चली गई है, उसके लिए आपने ता किया है ? तो बिहार सरकार ने हर गांव की पंचायत की कोआपरेशन लेकर वहां उनकी जिम्मेवारी उनको सौंपी है और वालंटियर्ज तैयार किये हैं जो इस बात की रखवाली करें कि कहीं और दंगा गांव में न फैले और हर गांव में कोशिश की गई है क्योंकि पुलिस तो नहीं होती सब जगह, मगर हरेक पुलिसमैन को जो गांव में जाएगा, एक या दो या तीन उसके पास वायरलैस सेट होगा ताकि वह फटाफट जब भी उसको खबर मिले तो वह सेण्टर को इत्तिला दे सके और दो हैलिकोप्टर भी उनके सुपुर्द किये हैं ताकि वे घूम घूम कर देखते रहें कि कहीं कोई आग लगाने की, लड़ाई-झगड़े की वारदात हो तो तुरन्त वहां सम्हालने के लिए मुकम्मिल कार्यवाही की जाए ।

जुर्माना वे कहते हैं कि उनको भी लगेगा जो इन दंगों को रोकने वाले हैं, या सब को लगेगा, या देखने के बाद लगेगा । लेकिन जहां तक मैं कह सकता हूं जब यह जुर्माने की बातें होती हैं, कलैक्टिव फाइन की, तो उस वक्त सारे गांव पर पड़ता है और गांव वालों

की काफी जिम्मेवारी होती है कि वे दंगा, फिसाद न होने दें ।

इसी तरह से जहां-जहां भी कोई बैठा हुआ है, उनकी जिम्मेवारी का उन को अहसास कराने लिए यह रास्ता हमेशा हम करते आए हैं और यही रास्ता बिहार की सरकार ने अख्तियार किया है और कुछ वाक्यात बयान किये हैं, मेम्बर साहबान ने । यह वाक्यात सही भी हो सकते हैं, इनकी इनफर्मेशन गलत भी हो सकती है । उनका जवाब देने की मैं जरूरत नहीं समझता । लेकिन इन्होंने जो सुझाव दिये हैं, उनको हम गौर से देखेंगे ।

شری عبد الرحمن شیخ : جناب ڈپٹی چیرمین صاحب ، ایسے اہم مسئلہ پر جو کالنگ اٹینشن ہاوس کے سامنے ہے جس کا جواب آنریبل ہوم منسٹر کی طرف سے دیا گیا ہے اس جواب کے بارے میں میں اتنا ہی کہوں گا کہ جو وہاں کے واقعات ہیں اور جو فیکٹس ہیں کیجولٹی اور زخمی ہونے والوں کی ان کی بہت زیادہ تعداد ہے جو دوسرے ذراع سے ہمیں اطلاعات مل رہے ہیں - اس پر میں بعد میں آؤں گا -

میں بنیادی طور پر ایک بات کی طرف ہوم منسٹر اور ہاؤس کی توجہ دلانا چاہتا ہوں آیا کہ فسادات ہوتے کیوں ہیں ، کرتے کون ہیں اور اس کے بعد انجام کیا ہوتا ہے - پہلے تو انگریز کو الزام دیا جاتا تھا - بعد میں انگریز گئے ہوئے اتنا عرصہ ہوا - اس کے بعد بھی فسادات نہیں رکتے اور اکثر اوقات زیادہ تر فسادات ایک دکے واقعات سے ہوسکتے ہیں - کچھ کیسز میں جو پورے منصوبہ سے فسادات ہوئے ہیں ، ان کو چھوڑ کر کے یہ فسادات معمولی واقعات سے ہوسکتے ہیں - اب سوال پیدا ہوتا ہے کہ اس ملک کے اندر بڑی خوش قسمتی کی بات یہ ہے کہ عام طور پر لوگ فرقہ وارانہ طور پر جذبات سے متاثر نہیں ہوتے - مجھے یقین ہے کہ ۸۲ فیصدی غیر مسلم آبادی یعنی ہندو آبادی جو ہے اس میں دس فیصدی بھی فرقہ پرست لوگ نہیں ہیں اور اقلیت میں بھی چند ایک شرارتی مسکریلنٹ ہیں - لیکن بائی اینڈ لارج مجموعی طور پر اقلیت کے لوگ بھی پر امن طریقہ سے رہنا چاہتے ہیں -

اس کے باوجود بھی یہ مٹھی بھر لوگ جو فساد کرتے ہیں ، جائیداد لوٹتے ہیں ، قتل کرتے ہیں اور عزت لوٹتے ہیں - وہ اس ملک کے لئے کالنگ بن جاتے ہیں اور ایسی صورت میں میں یہ سمجھوں کہ مٹھی بھر لوگوں کو قابو کرنے میں گورنمنٹ کے اندر سکت نہیں ہے ، اہلیت نہیں ہے - کیا گورنمنٹ ان کو قابو کرنے کے قابل نہیں ؟ اور اگر وہ ہے پھر یہ قابو نہیں ہوتے - تو کیا میں گورنمنٹ کی نیت پر شک کرنے میں حق بجانب ہوں کہ گورنمنٹ ان چیزوں کو ختم

[شری عبد الرحمن شیخ]

کرنا نہیں چاہتی - روز تھوڑی سی جو تعداد ہے وہ یہ سب ہنگامے کرے اور ہم تماشائی بنے رہیں - لگاتار اس کے بعد کیا ہوتا ہے کہ ہم یہاں پر گورنمنٹ کے بیان سن لیتے ہیں ؟ اپنی بھڑاس نکال دیتے ہیں - بڑا عالمانہ بیان دیا ہے ہوم منسٹر صاحب نے - میں عزت کرتا ہوں ؟ پرانے فریڈم فائٹر - بڑے پرانے لیڈروں میں سے ہیں - لیکن ان کی تقریر میں آج تک جو کہا گیا وہ کبھی اس پر عمل نہیں ہوا - ماضی میں جو فسادات ہوئے ان کا حشر کیا ہوا - لوگ جو لڑتے ہیں ان کو روکنے میں ایڈمنسٹریٹو مشینری کا رول کیا رہتا ہے وہ دیکھنا ہے - پولیس فورس کا رول اس ملک کے اندر سب سے زیادہ خطرناک ہے اور یہ پولیس فورس اتنی بے قابو ہوتی جا رہی ہے - مجھے ایسا لگتا ہے کہ یا تو اس ملک کی پولیٹیکل اتھارٹی کمزور ہوتی چلی جا رہی ہے اور اگر اس طریقہ سے ہماری ان فورسز کو بے قابو ہونے دیا گیا تو کل اس ملک کا نقشہ کیا ہوگا ؟ پہلے ہی یہ ملک بدنام ہوا ہے - ہم یہاں رولنگ پارٹی کے لوگوں کی لیڈر شپ سے سنتے ہیں کہ اس ملک کی نیک نامی دنیا میں بڑھی ہے - لیکن باہر کے لوگ باہر کی دنیا کے اندر لوگ کہتے ہیں کہ بہت ان سویلائزڈ ملک ہے ان کلچرڈ ملک ہے - جرائم پیشہ لوگوں اور ڈاکوؤں کا ملک ہمارا ملک سمجھا جاتا ہے - جس طرح کے واقعات یہاں ہوتے ہیں - یہاں ہم سب کے لئے شرم کا مقام ہے اس لئے اس میں پولیس کا جو اہم رول ہے اس پر بحث کرنا ضروری ہے دو سو کے قریب میری اطلاع ہے کہ کیزولٹی ہوئیں لیکن پولیس فائرنگ سے ایک بھی نہیں مرا - شوٹ ایٹ سائٹ کا حکم تھا اس کے باوجود بھی وہاں کوئی گولی سے نہیں مرتا اور جو مرتے ہیں ایک طرفہ لڑائی سے لوگ مرتے ہیں - کیا ہم سمجھیں کہ پولیس کی کانی وینس ملی بھگت سے یہ ہو رہا ہے - وہ پولیس جس نے کبھی تو سینکڑوں لوگوں کو اندھا کر دیا کہیں آدی واسی لوگوں کی عزت لوٹی - یہ پولیس ملک کے لئے ایک بدنامی کا ٹیکا ہے - کیا ہوم منسٹر اس اہم مسئلہ کی طرف دھیان دیں گے - جب تک ہم لا اینڈ آرڈر مشینری کو ٹھیک ڈھنگ سے قابو میں نہیں رکھیں گے اس کے ذہن کے اندر سیکولرازم اور اس ملک کی ایکتا اور یکجہتی کا تصور نہیں بیٹھائیں گے تب تک اس پولیس فورس کا کس طریقہ سے سہارا لے سکتے ہیں - آج تک جتنے واقعات ہوئے کمیشن بنے انہوں نے اپنے فیصلے دیئے - اپنی رپورٹیں دے دیں اور ان کو دیکھیں

چاہتی رہیں - ان میں مجرم کو کیا سزائیں دی گئیں ہیں اس کے کیا اعداد و شمار ہیں - بڑے مجھے افسوس کے ساتھ کہنا ہے میں پارٹی زن اسپرٹ میں بات کہنا نہیں چاہتا لیکن جنتا سرکار کے وقت علی گڑھ میں کمیونل رائٹ ہوئے تو جنتا پارٹی میں ہم لوگ ہوتے ہوئے ہم نے اپنی گورنمنٹ کو پوری طرح سے کوسا - ہم نے ہوم منسٹر اور چیف منسٹر کو معاف نہیں کیا اور ہم نے کہا ہم باقی لوگوں کے ساتھ سہمت ہیں اور اگر کانگریس کے لوگ بھی سچ کہتے ہیں تو ہم ان سے سہمت ہیں - علی گڑھ کے فساد پر ایک جوڈیشل کمیشن بنا - جب نئی سرکار آئی تو اس نے کمیشن کو کیوں واپس لیا - آخر کمیشن کو توڑنے کا کیا مقصد تھا - اسی طریقہ سے اور بھی واقعات ہوئے ہیں جس سے فسادیوں کے حوصلہ پست ہونے کی بجائے بڑھتے ہی جا رہے ہیں اور اگر اس بار ہم نے فوری توجہ نہیں دی تو اس ملک میں کیا گل کھلیں گے اس بارے میں کوئی کچھ نہیں کہہ سکتا - مجھے اس بارے میں کہنا ہے کہ آخر جو افسر قصوروار پائے گئے ان کو کیا سزائیں دی گئیں - آج تک کے فرقہ وارانہ فسادات ہیں

ہم اس کو فرقہ پرستی کہیں گے - ہم ملک کو بدنامی سے بچانے کے لئے سمجھاؤ دیں گے - ایک دوسرے پر الزام لگانے کے بجائے حقیقت پسندگی سے کام کریں اس غرض سے گورنمنٹ کو ڈبل اسٹینڈرڈ نہیں اپنانا چاہئے - اگر نارائن پور میں مہیلاؤں پر زبردستی ہوتی ہے - وہ ہوئی یا نہیں لیکن وہ مہیلائیں بعد میں نہیں مل رہی تھیں - جن کو اندرا گاندھی کے سامنے پیش کیا گیا - وہ سچ تھا یا جھوٹ تھا - اگر ہماری پرائم منسٹر صاحبہ وہاں گئی تو کسی کو کیا اعتراض ہو سکتا ہے - انہوں نے ان کی باتوں کو سنا اور اس کو لے کر بڑی بھاری داستان کھڑی گئی - اس کو لے کر بنارسی داس کیبنیٹ کو برخواست کر دیا گیا - برا ہو بھلا ہوا - لیکن اس کے بعد جتنے واقعات یو - پی - اور بہار میں ہوئے اور جو مراد آباد میں واقعہ ہوا یہاں کی پولیس نے قتل عام کیا - اس کے بعد الہ باد کے اندر ، علی گڑھ کے اندر اور دوسرے مقامات پر جو واقعات ہوئے جس میں سول ایڈمنسٹریشن نے ایک فریق بن کر کام کیا اس کے لئے کیا وشوناتھ پرتاپ سنگھ کو مستعفی ہونے کے لئے یا ڈسمس کرنے کے لئے گورنمنٹ نے کبھی نہیں سوچا - آج بہار میں جس طرح سے قتل عام ہو رہا ہے یا جو واقعات بھاگلپور ضلع میں ہوئے یا دوسرے واقعات ہوئے ، آدمی واسیوں کے ساتھ جو کچھ ہوا - کیا ان سارے معاملات پر مشرا وزارت کو ڈسمس

[شری عبد الرحمن شیخ]

نہیں کیا جا سکتا تھا ایک بار آپ نے کسی چیف منسٹر کے لئے جو نکما ثابت ہوا ہے ۔ لا اینڈ آرڈر میں لوگوں کی جان اور مال کی حفاظت کرنے میں نا کامیاب ہوا ہے اس کو آپ نے ڈسمس کیا ؟ تو یہ معیار سب کے لئے ہونا چاہئے چاہے کسی کی کوئی پارٹی ہو یا مذہب ہو - لیکن جب ہم ڈبل اسٹینڈرڈ رکھتے ہیں تو اس کے نتائج بہت خراب ہوتے ہیں اور جو لوگ مارے جاتے ہیں ان کو کوئی نہیں پوچھتا سارا معاملہ ہضم ہو جاتا ہے - اس لئے جب تک اس بنیادی کارنوں کو نہیں ڈھونڈیں گے ۔ اس کا علاج نہیں ڈھونڈیں گے اور ہم نے پولیس فورس بھیج دیا تو اس سے اچھا ہونے والا نہیں ہے - حالت کہاں قابو میں ہے - کل رات پونے نو بجے کی خبر میں کہا گیا کہ اب حالت ٹینس ہے لیکن قابو سے باہر نہیں ہے اور بعد میں کہا گیا کہ تین لاشیں ملیں ہیں - حالت قابو میں ہے اور کہا جا رہا ہے لاشیں مل رہی ہیں - اس لئے میرا آپ سے یہ کہنا ہے کہ اگر ہم ایمانداری سے ان چیزوں کو ختم کرنا چاہتے ہیں تو اپنے پچھلے وعدوں کو ہم یاد کریں - آپ نے اسی ہاؤس میں اعلان کیا تھا کہ ایک ایلیٹی رائٹ فورس بنے - اس ایلیٹی رائٹ فورس میں ہینڈولڈ کاسٹ ، شیڈولڈ ٹرائب اور مائنوریٹیز کی واضح طور پر نمائندگی ہوگی ریزرویشن نہیں ہوگا تو بھی ان کا ریپریزینٹیشن معقول طور پر ہوگا ۔ کیا بنا اس ایلیٹی رائٹ فورس کا - کتنا عرصہ لگے گا کتنے لوگ اور قتل ہوں گے جب وہ ایلیٹی رائٹ فورس بنے گی ؟ آج اس ملک کے اندر صرف مائنوریٹی کا سوال ہی نہیں ہے آپ اخبار اٹھا کر دیکھئے کہاں کیا ہو رہا ہے - ابھی ایٹہ ضلع کے اندر ۲۲ ہریجنوں کو ڈاکوؤں نے ختم کر دیا - میں سمجھتا ہوں کہ صرف مائنوریٹیز ہی وکٹمائز نہیں ہو رہی ہیں — وہ تو ہیں ہی تیس سال میں جو ان کا حشر ہوا وہ سامنے ہے - باقی ویکر سیکشن کا حال بہتر نہیں ہے - یہ ذمہ داری ہوم ڈیپارٹمینٹ کی ہے ۔ ہوم منسٹر کی ہے کہ ویکر سیکشنس میں اعتماد بحال کریں ان کی سیکورٹی ہو وہ با عزت شہری کی طرح زندگی بسر کر سکیں - اس لئے میں آپ سے گزارش کروں گا کہ اس قسم کے واقعات کو سیاست سے بالاتر رکھ کر دیکھیں - اسی طرح فورس کے بارے میں ایک آدھ بات اور کہنی ہے - یہ فورس جو کبھی فسادات کو روکنے کا ایک انسٹرومینٹ ہوا کرتی تھی آج فساد بڑھانے کے لئے اندھا کرنے کے لئے ۔ ہریجنوں پر اتیاچار کرنے کے لئے ۔ ایلیٹی ڈکوئیٹی کے نام سے ڈاکوؤں اور کچھ شریف

آدمیوں کو گولی سے اڑانے کے لئے استعمال ہو رہی ہے - اس پولیس کی جب تک اسکریننگ نہیں ہوگی - اس میں کیا فرقہ پرست ایلیمینٹ ہیں کیا اس کے اندر سبوتیرس ہیں - اور ایگزیکٹیو اتھارٹی کا ذہن صاف نہیں کریں گے - ایسے لوگوں کو سروسز میں ترجیح نہیں دیں گے؟ سروسز کے اندر جو سیکولر خیالات کے لوگ ہوں تو اس ملک کا یہی حال ہوتا رہے گا - میں آپ سے کچھ سوال پوچھنا چاہوں گا - میں زیادہ لمبا نہیں کروں گا - اسپیسیفک کوئشچن میرے ہوں گے - یہ گاندھی کا دیش ہے - اس دیش کے اندر ہر مذہب اور ہر فرقہ کے لوگوں کو معقول طریقہ سے با عزت زندگی بسر کرنے کا حق ہے - لیکن میں اپنے ساتھیوں سے اتفاق کرتا ہوں کہ آج اس ملک میں ہریجن بیس بیس قتل ہو رہے ہیں - مسلمان سو سو قتل ہو رہے ہیں - جہاں یہ حالت ہے کیا یہ درست نہیں تھا کہ پردھان منتری جی اپنے دورے کو منسوخ کرتیں - کیا ورلڈ ہیلتھ اسمبلی کو ایڈریس کرنا ضروری تھا جس کو ایک بار راج نرائن ایڈریس کر آئے تھے - آپ کے ہیلتھ منسٹر راج نرائن جی کے جگہ پر نہیں جا سکتے تھے - اگر کسی دوسرے ملک میں اتنا بڑا بھیانک واقعہ ہوتا تو سربراہ ملک اپنے دورے کو

کینسل کر کے واپس آ جاتا - لیکن اس ملک کا سربراہ ایک مدد بھاشن دے کر دوسرے ملکوں کی سیر کو چلا جاتا ہے "مداخلت" ورلڈ ہیلتھ آرگنائزیشن کی اسمبلی کو ایڈریس کرنے سے یہاں کے کمیونل رائٹس کو اہمیت دینی بہت ضروری تھی - یہ بات میں احساس کروانا چاہتا ہوں "مداخلت" میں پہلا سوال یہ پوچھنا چاہتا ہوں کہ آپ اس کو پولیٹیکلائز مت کیجئے - جب چرن سنگھ ہوم منسٹر تھے تو ہم نے اس وقت بھی ایسے واقعات کی مخالفت کی تھی - وہ ہمارے لیڈر آج بھی ہیں - اس وقت آپ کی بینچوز کے کچھ لوگوں نے ملک و ملت بچاو تحریک چلائی تھی اُن کو کلنگ کہا میں ان سے کہنا چاہتا ہوں کہ آج آپ کی غیرت کو کیا ہوا - آج ملک بچانے کا نعرہ کیوں نہیں لگا رہے ہیں - ہم کو پارٹیزنس اسپرٹ سے اوپر اٹھنا چاہئے - میں سوال پوچھنا چاہتا ہوں کہ اینٹی رائٹ فورس کا جو آپ نے وعدہ کیا ہے وہ کتنے سالوں میں بن جائے گی - دس سال لینگے یا کتنے تلون کا انتظار ہو گا ؟ کوئی ٹائم باونڈ پروگرام ہے - آپ نے جوڈیشیل کمیشن بنایا ہے الہ آباد میں جوڈیشیل کمیشن بنانے کے بعد وہاں کے ایگزیکیٹو مجسٹریٹ اور پولیس سپرنٹنڈینٹ وہیں پر موجود ہیں - وہاں کی واہمے کو حراس کرنے کے لگے کیا یہ

[شری عبد الرحمن شیخ]

ضروری نہیں تھا کہ کمیشن بٹھانے سے پہلے ان ذمہ دار افسروں کو معطل کرکے جوڈیشیل انکوائری کرائی جاتی - ان کو وہاں موجود رکھتے ہوئے جوڈیشیل انکوائری کرانا کوئی فیس سیونگ نہیں ہے - اس کا جواب آنا چاہئے - ایک اہم سوال میں پوچھنا چاہتا ہوں اس ملک کے اخبارات اور اس ملک کا گورنمنٹ کنٹرول ماس میڈیا ریڈیو اس معاملے میں سب سے زیادہ بلنڈرنگ کر رہے ہیں - پچھلے بار فسادات کے بارے میں اخباروں نے خبریں دیں اور مانئیہ ہوم منسٹر صاحب نے اس ہاؤس میں کہا کہ اس میں غیر ملکی ہاتھ ہونے کا شبہ ہے - غیر ملکی ہاتھ کہہ کر آپ کس کو بدنام کرنا چاہتے ہیں - ہر کامن مین والا مسلم سوچتا ہے کہ یہ اقلیت والے جو ہیں ان کی دوسرے ملک سے سانٹھ گانٹھ ہو سکتی ہے - اکثریت کا تو سوال نہیں ہے - اس طرح کیا آپ اقلیت کے خلاف اور جوش نہیں بڑھاتے - غیر ملکی ہاتھ ہے تو اس کو آپ کو ایکسپوز کرنا چاہئے تھا - کون ملک ہے جو ہمارے معاملے میں انٹرفیر کرتا ہے اس لئے جو غیر ملکی ہونے کا شوشہ - پاکستان سے ہتھیار آرہے ہیں اس کا شوشہ - یا امرتسر سے ریوالور آرہے ہیں اس کا شوشہ ہے اس کو آپ کو اب ختم کرنا چاہئے - امرتسر سے ریوالور ملنے کی بات کو اخبارات نے بہت زیادہ اٹھایا تھا لیکن بعد میں ثابت ہوا کہ وہ لوگ اسمگلر تھا جو روزانہ اس طرح کی ٹریڈ کرتے تھے - اس کے بعد لکھنؤ میں پٹاخے ملے جن کو اخبارات نے بتایا کہ وہاں پانچ ہزار بم پکڑے گئے - اسی طرح سے بجنور اور امروہہ کے بارے میں اعلان کیا گیا کہ وہاں کرفیو ہے لیکن جب میں وہاں گیا تو پتہ چلا کہ وہاں کرفیو تھا ہی نہیں - تو کیا جو آپ کا ماس میڈیا ہے - ریڈیو ہے اس کو آپ ایسی حرکتوں سے روکینگے اور جو اس میں ایسے غیر ذمہ دار لوگ ہیں ان کے خلاف آپ نے کون سی قانونی کارروائی کی ہے یہ میں جاننا چاہتا ہوں - کیوں کہ ایسی خبروں کی وجہ سے ہی کئی بار دنگے فساد بڑھ جاتے ہیں - آخری بات میں کہنا چاہتا ہوں کہ لا اینڈ آرڈر مینٹین کرنے کے لئے جتنے بھی فورسیز ہیں اس میں آپ اسکریننگ کرکے اقلیتوں اور ویکر سیکشنس کو ریپریزینٹیشن دینے کی بات کب پوری کر رہے ہیں اور آپ کا جو ایک اینٹی رائٹ فورس کا جو وعدہ ہے اس کو آپ کو فوری طور پر پورا کرنا چاہئے اور آپ موجودہ فساد کے بارے میں جوڈیشل انکوائری کرائیں اور جو لوگ اس کے ذمہ دار پائے جائیں ان کو آپ قرار واقعی سزا دیں -

خواہ وہ کسی بھی پارٹی سے تعلق رکھتے ہوں یا ایڈمنسٹریشن میں ہوں - بھی میرے چند سوالات ہیں - جن کا میں آپ سے جواب چاہتا ہوں -

†[**श्री अब्दुल रहमान शेख** : जनाब डिप्टी चेयरमैन साहब--ऐसे अहम मसले पर जो कालिंग अटेन्शन हाउस के सामने है जिसका जवाब ओनरेबल होम मिनिस्टर की तरफ से दिया गया है । उस जवाब के बारे में मैं इतना ही कहूंगा कि जो वहां के वाकयात हैं और जो फिगरस (figures) हैं कैजुएलिटी और जख्मी होने वालों की उनकी बहुत ज्यादा तादाद है जो दूसरे जराय से हमें इत्तलाआत मिल रही है उस पर मैं बाद में आऊंगा ।

मैं बुनियादी तौर पर एक बात की तरफ होम मिनिस्टर और हाउस की तवज्जोह दिलाना चाहता हूं आया कि फसादात होते क्यों हैं, करते कौन हैं और इसके बाद अंजाम क्या होता है । पहले तो अंग्रेज को इलजाम दिया जाता था । बाद में अंग्रेज गये हुए इतना अर्सा हुआ उसके बाद भी फसादात नहीं रुकते और अक्सर औकात ज्यादातर फसादात इक्के दुक्के वाकियात से भड़कते हैं कुछ केसिज में जो पूरे मंसूबे से फसादात हुए हैं उनको छोड़कर ये फसादात मामूली वाकयात से बढ़ते हैं । अब सवाल पैदा होता है कि इस मुतक के अंदर बड़ी खुशकिस्मती की बात है कि आम तौर पर लोग फिरकेवाराना तौर पर जजबात से मुतासिर नहीं होते । मुझे यकीन है कि 82 फीसदी गैरमुसलिम आबादी यानी हिन्द आबादी जो है उसमें दस फीसदी भी फिरकेपरस्त लोग नहीं हैं और अकलियत में भी चंद एक शरारती मिसक्रियंट हैं लेकिन बाई एंड लार्ज मजमूई तौर पर अकलियत के लोग भी पुरअम्न तरीके से रहना चाहते हैं ।

इसके बावजूद भी ये मुट्ठी भर लोग जो फसादात करते हैं, जायदाद लूटते हैं और कत्ल करते हैं और इज्जत लूटते हैं वे इस मुतक के लिए कलंक बन जाते हैं और ऐसी सूरत में यह समझूं कि मुट्ठी भर लोगों को काबू करने में गवर्नमेंट के अंदर सक्त नहीं है । अहलियत नहीं है क्या गवर्नमेंट उनको काबू करने के काबिल नहीं है ? और अगर है तो यह काबू नहीं होते । तो क्या मैं गवर्नमेंट की नीयत पर शक करने में एक वजानिब हूं कि गवर्नमेंट इन चीजों को खत्म करना नहीं चाहती वरना थोड़ी सी जो तादाद है वो यह सब हंगामे करें और हम लगातार तमाशाई बने रहें, उसके बाद क्या होता है कि हम यहां पर गवर्नमेंट के बयान सुन लेते हैं । अपनी भड़ास निकाल लेते हैं। बड़ा आलिमाना भाषण दिया है होम मिनिस्टर साहब ने । मैं इज्जत करता हूं पुराने फ्रीडम फाइटर बड़े पुराने लीडरों में से हैं लेकिन उनकी तकरीर में आज तक जो कहा गया कभी उस पर अमल नहीं हुआ । माजी में जो फसादात हुए उनका हश्र क्या हुआ ? लोग जो लड़ते हैं उनको रोकने में एडमिनिस्ट्रेटिव मशीनरी का रोल क्या होता है वह देखना है । पुलिस फोर्स का रोल इस मुल्क के अंदर सबसे ज्यादा खतरनाक है और वो पुलिस फोर्स इतनी बेकाबू होती जा रही है । मुझे ऐसा लगता है या तो इस मुल्क की पोलिटिकल अथोरिटी कमजोर होती जा रही है और अगर इस तरीके से हमारी इन फोरसिस को बेकाबू होने दिया गया तो कल इस

t[ ] Devnagari translation.

[श्री अब्दुल रहमान शेख]

मुल्क का नक्शा क्या होगा ? पहले पहले भी यह मुल्क बदनाम हुआ है । हम यहां रूलिंग पार्टी के लोगों को लीडरशिप को सुनते हैं कि इस मुल्क की नेकनामी दुनिया में है लेकिन बाहर के लोग बाहर की दुनिया के अंदर के लोग कहते हैं कि बहुत इनसिविलाइज्ड (incivilised) मुल्क है, अनकलचरड मुल्क है जराएम पेशा लोगों का और डाकुओं का मुल्क हमारा मुल्क समझा जाता है । जिस तरह के वाकयात यहां होते हैं हम सब के लिए शर्म का मकाम है । इसलिए इसमें पुलिस का जो अहम रोल है उस पर बहस करना जरूरी है । दो सौ के करीब मेरी इतला है कि कैजुलिटी हुई लेकिन पुलिस फाइरिंग से एक भी नहीं मरा । शूट एट साइट का हुक्म था इसके बावजूद भी वहां कोई गोली से नहीं मरता और जो मरते हैं इकतरफा लड़ाई से लोग मरते हैं । क्या हम समझें कि पुलिस को कन्इवैंस मिली-भगत से यह हो रहा है । यह पुलिस जिसने कहीं तो सैंकड़ों लोगों को अंधा कर दिया, कहीं आदिवासी लोगों की इज्जत लूटी, वह पुलिस मुल्क के लिए एक बदनामी का टीका है । क्या होम मिनिस्टर इस अहम मसले की तरफ ध्यान देंगे, जब तक हम ला एंड आर्डर मशीनरी को ठीक ढंग से काबू में नहीं रखेंगे उसके जहन के अंदर सैक्युलरइज्म और इस मुल्क की एकता और यकजहती का तसव्वुर नहीं बिठायेंगे तब तक इस पुलिस फोर्स का किस तरीके से सहारा ले सकते हैं । आज तक जितने वाकयात हुए, कमीशन बने उन्होंने अपनी फाइडिंग्स दे दी फैसले दिये, अपनी रिपोर्ट दे दीं और उनकी दीमकें चाटती रहीं । उनमें मुजरिम को क्या सजाएं दी गई हैं इसके क्या ऐदादो शुमार हैं । बल्कि मुझे अफसोस के साथ कहना है मैं पार्टीजन स्प्रिट में बात कहना नहीं चाहता लेकिन जनता सरकार के वक्त अलीगढ़ में कम्युनल राइट हुए तो जनता पार्टी में हम लोग होते हुए हमने अपनी गवर्नमेंट को पूरी तरह से कोसा । हमने होम मिनिस्टर और चीफ मिनिस्टर को माफ नहीं किया और हमने कहा कि हम बाकी लोगों के साथ सहमत हैं अगर कांग्रेस के लोग भी सच कहते हैं तो हम उनसे सहमत हैं । अलीगढ़ के फसाद पर एक ज्यूडिशियल कमीशन बना जब नई सरकार आई तो उसने कमीशन क्यों वापस लिया । आखिर कमीशन को विदड्रा करने तोड़ने का क्या मकसद था । इसी तरीके से और भी वाकयात हुए हैं जिनसे फसादियों के हौसले पस्त होने के बजाय बढ़ते जा रहे हैं और इस बार हमने फौरन तवज्जोह नहीं दी तो इस मुल्क में गुल खिलेगा इस बारे में कोई कुछ नहीं कर सकता । मुझे इस बारे में कहना है कि आखिर जो अफसर गिल्टी कसूरवार पाये गये उनको क्या सजायें दी गईं । आज तक के फिरके-वाराना फसाद में ।

हम इसको फिरका-परस्ती कहेंगे । हम मुल्क को बदनामी से बचाने के लिए सुझाव देंगे । एक दूसरे पर इल्जाम लगाने के बजाय हकीकत पसन्दगी से काम करें इस गर्ज से गवर्नमेंट को डबल स्टैन्डर्ड नहीं अपनाना चाहिये । अगर नारायणपुर में महिलाओं पर ज्यादती होती है । वे हुई या नहीं लेकिन वो महिलायें बाद में नहीं मिल रहीं थीं । जिनको इंदिरा गांधी के सामने पेश किया गया वह सच था या झूठ था । अगर हमारी प्राइम मिनिस्टर साहिबा वहां गईं तो किसी को क्या इतराज हो सकता है उन्होंने उनकी बातों को सुना और उसको लेकर बड़ी भारी दास्तान गढ़ी गई । उसको लेकर बनारसी दास

कैबिनट को बरखास्त कर दिया गया । बड़ा हो हल्ला हुआ । लेकिन इसके बाद जितने वाकयात यू०पी० (U.P.) और बिहार में और जो मुरादाबाद में वाकयात हुआ यहां की पुलिस ने कत्लेआम किया । उसके बाद इलाहाबाद के अंदर, अलीगढ़ के अन्दर और दूसरे मकामात पर जो वाकयात हुए जिसमें सिविल एडमिनिस्ट्रेशन ने इसमें एक फरीक बन कर काम किया इसके लिए क्या विश्वनाथ प्रताप सिंह को मुसतफी होने के लिए या डिसमिस करने के लिए गवर्नमेंट ने कभी नहीं सोचा । आज बिहार में जिस तरह से कत्लेआम हो रहा या जो वाकयात भागलपुर जिले में हुए या दूसरे वाकयात हुए आदिवासियों के साथ जो कुछ हुआ क्या इन सारे मामले पर मिश्रा विजारत को डिसमिस नहीं किया जा सकता था । एक बार आपने किसी चीफ मिनिस्टर के लिए जो निकम्मा साबित हुआ है ला एंड आर्डर में लोगों की जान और माल की हिफाजत करने में नाकामयाब हुआ है उसको आपने डिसमिस किया । तो यह मयार सब के लिए होना चाहिए चाहे किसी की कोई पार्टी हो या मजहब हो । लेकिन जब हम डबल स्टैन्डर्ड रखते हैं तो उसके नतायज बहुत खराब होते हैं और जो लोग मारे जाते हैं उनको कोई नहीं पूछता सारा मसला हशर हो जाता है इसलिए जब तक इन बुनियादी कारणों को नहीं ढूंढेंगे इसकी रेमेडी इलाज नहीं ढूंढेंगे और हमने पुलिस फोर्स भेज दिया तो उससे कुछ होने वाला नहीं है । हालत कहां काबू में हैं । कल रात पौने नौ बजे की खबर में कहा गया कि अब हालत टैन्स थे लेकिन काबू से बाहर नहीं हैं लेकिन बाद में कहा गया कि तीन लाशें मिली हैं । हालत काबू में है और कहा जा रहा है कि लाशें मिल रही हैं । इसलिए मेरा आपसे यह कहना है कि अगर हम ईमानदारी से इन चीजों को खत्म करना चाहते हैं तो अपनी पिछले वादों को याद करें । अपने इसी हाउस में एलान किया था कि एक एन्टी रायट फोर्स बने उस एन्टी रायट फोर्स में सिड्यूल्ड कास्ट, सिड्यूल्ड ट्राइब्स और माइनोरिटीज की वाजी तौर पर नुमाइंदगी होगी रिजर्वेशन नहीं होगा तो भी उनका रिप्रजन्टेशन माकूल तौर पर होगा । क्या बना इस एन्टी रायट फोर्स का । कितना अर्सा लगेगा, कितने लोग और कहां होंगे जब वह एन्टी रायट फोर्स बनेगी । आज इस मुल्क के अंदर सिर्फ माइनोरिटी का सवाल ही नहीं है, आप अखबार उठाकर देखिये कहां क्या हो रहा है । अभी एटा जिले के अंदर 22 हरिजनों को डाकुओं ने खत्म कर दिया । मैं समझता हूं कि सिर्फ माइनोरिटीज ही विक्टीमाइज नहीं हो रही हैं—वो तो हैं ही 30 साल में जो उनका हश्र हुआ वह सामने है । बाकी वीकर सैक्शन का हाल भी उनसे बेहतर नहीं है । ये जिम्मेदारी होम डिपार्टमेंट की है, होम मिनिस्टर की है वकिर सैक्शन में एतमाद बहाल करें, उनकी सिक्योरिटी हो, वो बाइज्जत शहरी की तरह जिंदगी बसर कर सकें । इसलिए मैं आपसे गुजारिश करूंगा कि इस किस्म के वाकयात को सियासत से बालातर रखकर देखें । इसी तरह फोर्सेस के बारे में एक बात और कहनी है । यह फोर्स जो कभी फसादात को रोकने का एक इन्स्ट्रूमैंट हुआ करती थी आज फसाद बढ़ाने के लिए, अंधा करने के लिए, हरिजनों पर अत्याचार करने के लिए, एन्टी डकायटी मुहिम के नाम से डाकुओं और कुछ शरीफ आदमियों को गोली से उड़ाने के लिए इस्तेमाल हो रही है । इस पुलिस की जब तक स्क्रीनिंग नहीं होगी इसमें क्या फिरक्का परस्त एलीमेंट हैं क्या उसके अंदर सबोटियस हैं और

[श्री अब्दल रहमान शेख]

एग्जीक्यूटिव एथोरिटी का जहन साफ नहीं करेंगे, ऐसे लोगों को सर्विसेज में तरजी नहीं देंगे, सर्विसेज के अंदर जो सैक्यूलर ख्यालात के लोग होंगे तो इस मुल्क का यही हाल होता रहेगा । मैं आपसे कुछ सवाल पूछना चाहूंगा मैं ज्यादा लम्बा नहीं करूंगा । स्पैसफिक क्वेश्चन मेरे होंगे । यह गांधी का देश है, इस देश के अंदर हर मजहब और हर फिरका के लोगों को माकूल तरीके से बाइज्जत जिंदगी बसर करने का हक है लेकिन मैं अपने साथियों से इत्तफाक करता हूं कि आज इस मुल्क में हरिजन बीस बीस कत्ल हो रहे हैं, मुसलमान सौ सौ कत्ल हो रहे हैं, जहां यह हालत है । क्या यह दुरुस्त नहीं था कि प्रधान मंत्री जी अपने दौरे को मनसूख करतीं । क्या वर्ड हैल्थ एसेम्बली को एडरस करना जरूरी था जिसको एक बार राजनारायण जी एडरस कर आये थे । आपके हैल्थ मिनिस्टर राजनारायण जी की जगह पर नहीं जा सकते थे । अगर किसी दूसरे मुल्क में इतना बड़ा भयानक वाकया होता तो सरबराह मुल्क अपने दौरे को कैन्सल करके वापस आ जाता लेकिन इस मुल्क का सरबराह एक अदग भाषण देकर दूसरे मुल्कों की सैर को चला जाता है (**अन्तर्बाधा**) वर्ड हैल्थ आरगेनाइजेशन की एसैम्बली को एडरस करने से यहां के कम्युनल रायट्स को अहमियत देनी बहुत जरूरी थी । यह बात मैं अहसास करवाना चाहता हूं (**अन्तर्बाधा**) मैं पहला सवाल यह पूछना चाहता हूं कि आप इसको पोलिटिकलाइज मत कहिये । जब चरण सिंह होम मिनिस्टर थे तो हमने उस वक्त भी ऐसे वाकयात की मुखालफत की थी । वो हमारे लीडर आज भी हैं उस वक्त आपकी बैंचिज के कुछ लोगों ने मुल्कोमिल्लत बचाव तहरीक चलाई थी उनको कंडम किया, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आज आपकी गैरत को क्या हुआ, आज मुल्कोमिल्लत बचाने का नारा क्यों नहीं लगा रहे हैं, हमको पार्टी स्प्रिटज्म से ऊपर उठना चाहिए । मैं सवाल पूछना चाहता हूं कि एन्टी रायट फोर्स का जो वायदा किया है वो कितने सालों में बन जायेगी, दस साल लेंगे या कितने सालों का इंतजार होगा, कोई टाइम बांड प्रोग्राम है । आपने जूडिसियल कमीशन बनाया है, इलाहाबाद में जूडिसियल कमीशन बनाने के बाद वहां से एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट और पुलिस सुपरिन्टेंडैंट वहीं पर मौजूद हैं । वहां की अकलीयत को ह्रास करने के लिए क्या यह जरूरी नहीं था कि कमीशन बनने से पहले इन जिम्मेदार अफसरों को मुअत्तल करके जुडीसियल इन्क्वायरी कराई जाती । उनको वहां मौजूद रखते हुए जुडीसियल इन्कवारी कराना क्या फेस सेविंग नहीं है । इसका जवाब आना चाहिये । एक अहम सवाल मैं पूछना चाहता हूं इस मुल्क के अखबारात और इस मुल्क का गवर्नमेंट कन्ट्रोल मास-मीडिया रेडियो इस मामले में सबसे ज्यादा बंगलिंग कर रहे हैं । पिछली बार फसादात के बारे में अखबारों ने खबरें दीं और माननीय होम मिनिस्टर साहब ने इस हाउस में कहा कि इसमें गैर मुल्की हाल होने का सुबा है । गैर मुल्की हाथ कहकर आप किसको बदनाम करना चाहते हैं । हर कौमनसैन्स वाला सदस्य पूछता है कि ये अकलियत वाले जो हैं उनकी दूसरे मुल्क से सांठगांठ हो सकती है । अकसरियत का तो सवाल नहीं है । इस तरह क्या आप गैर-मुल्की हाथ है तो उसको आप को एक्सपोज करना चाहिये था । कौन मुल्क है जो हमारे मामले में इंटरफियर करता है ? इसलिये जो गैर-मुल्की होने का सोसा, पाकिस्तान से हथियार आ रहे हैं इसका सोसा या अमृतसर से रिवाल्वर आ रहे हैं इसका सोसा है इसको आपको अब खत्म करना चाहिए । अमृतसर से रिवाल्वर की बात

को अखबारात में बहुत ज्यादा उठाया था लेकिन बाद में साबित हुआ कि वह लोग स्मगलर थे जो रोजाना इस तरह की ट्रेड करते थे । इसके बाद लखनऊ में पटाखे मिले जिनको अखबारात ने बताया कि वहां पांच हजार बम पकड़े गये । इसी तरह से बिजनौर और अमरोहा के बारे में एलान किया गया कि वहां कर्फ्यू है लेकिन जब मैं वहां गया तो पता चलता कि वहां कर्फ्यू था ही नहीं । तो क्या जो आपका मास मिडिया है रेडियो है उसको आप ऐसी हरकतों से रोकेंगे और जो इसमें ऐसे गैर-जिम्मेदार लोग हैं उनके खिलाफ आपने कौन सी कानूनी कार्यवाही की है । मैं यह जानना चाहता हूं । क्योंकि ऐसी खबरों की वजह से ही कई बार दंगे फसाद बढ़ जाते हैं । आखिरी बात मैं कहना चाहता हूं कि ला और आर्डर मैनटैन करने के लिए जितने भी फोरसिज हैं उसमें आप सकरीनिंग करके अफसरों और वीकर सैक्शन को रिप्रजन्टेशन देने की बात कब पूरी कर रहे हैं और आपका जो एक एन्टी रायट फोर्स का जो वायदा है उस को आपको फौरी तौर पर पूरा करना चाहिए और आप मौजूदा फसाद के बारे में जूडिशियल इन्कवारी करायें और जो लोग उसके जिम्मेदार पाये जायें उनको आप वाकई सजा दें । खाह वो किसी भी पार्टी से ताल्लुक रखते हों या एडमिनिस्ट्रेशन में हों । यही मेरे चंद सवालात हैं जिनका मैं आपसे जवाब चाहता हूं] ।

[شری اسعد مدنی (اتر پردیش) :

کیونکہ ملک و ملت اور بچاؤ تحریک کا ذکر آیا ہے اس لئے چیئرمین صاحب سے میں کہنا چاہتا ہوں کہ مجھے بھی موقع دیا جائے -]

†[**श्री असद मदनी** (उत्तर प्रदेश) : क्योंकि मुल्कोमिल्लत और बचाव तहरीक का जिक्र आया है इसलिए चेयरमैन साहब म कहना चाहता हूं कि मुझे भी मौका दिया जाये ।]

ज्ञानी जैल सिंह : मेरे बाद आप टाइम ले लीजिएगा । आनरेबिल मेम्बर ने कुछ सवाल किये हैं । मरने वालों की तादाद उन्होंने कहा है कि बहुत ज्यादा है । इसका जवाब मैं पहले दे चुका हूं कि मेरे पास जो सरकार से रिपोर्ट आयी है वह मैं ने यहां सुनायी । हो सकता है कि कुछ ज्यादा हो, लेकिन मैंने पहले भी कहा था कि जितना आप सोचते हैं और कहना चाहते हैं सैंकड़ों की तादाद है, वह नहीं है । खुदा की मेहरबानी से इस से ज्यादा नहीं होगी और अगर और दंगे फसाद न हों तो यह ज्यादा बढ़ेगी नहीं । आगे दंगे फसाद होने की आशा मैं समझता हूं कि नहीं है और इस के लिये इंतजाम बहुत ज्यादा करने की कोशिश की गयी है । यह मैं कह चुका हूं और यह सवाल कि क्या इन बातों को देख कर सरकार की नीयत पर शक नहीं कर सकते, चूंकि दंगे फसाद करने वाले बहुत कम हैं और यह दंगे फसाद सरकार जानबूझकर करवा रही है, मेरे ख्याल में यह बात आनरेबिल मेम्बर ने इस को पोलिटिकल रंग देने के लिये कही है या हम को बदनाम करने के लिये कही है । वह शायद सरकारी मामलों को अच्छी तरह से देखते नहीं । दुनिया में कोई भी ऐसी सरकार नहीं होगी जो खुद ब खुद दंगे फसाद करवा कर के अपने को बदनाम करायें । और आप कह रहे हैं कि ऐसा क्यों किया, ऐसा क्यों किया और इस लिये दंगे फसाद होते हैं । यह बात बिलकुल निराधार है । सरकार तो

•[ ] Devnagri translation

[ज्ञानी जैल सिंह]

चाहती है कि अमन और शान्ति रहे । लोगों की जिन्दगी में किसी दंगे फसाद की बात न हो । उन की जान माल की रखवाली करने की हम कोशिश करते हैं । उन्होंने कहा कि पुलिस फोर्स जो है वह बहुत बदनाम है । बहुत गलत काम करता है और वह एक बदनामी का टीका है । सारे पुलिस फोर्स को इस तरह से कहना अच्छी बात नहीं है और यह बात बिलकुल गलत और बेबुनियाद है । कुछ लोग ऐसे हो सकते हैं जो बदनामी का कारण बनते हैं । कुछ लोग ऐसे हो सकते हैं कि जो शरारती भी करते होंगे लेकिन ओवर आल जो इंडियन पुलिस है वह इस किस्म की नहीं है । फिर भी उस को और ट्रेनिंग और नया रास्ता हम दिखाने की कोशिश कर रहे हैं । मगर यह बात मैं बिलकुल नहीं मानता कि हिन्दुस्तान की पुलिस जो है वह बदनामी का टीका है । हिन्दुस्तान की पुलिस ने मुल्क की अमन और शान्ति के लिये जानें दी हैं । जंग हो या पीस हो उस में हमारे जितने फोर्स हैं जितने किस्म के हैं उस में बहुत आला दर्जे के लोग, बहुत सिंसियर और ईमानदार लोग और सेवा करने वाले लोग मौजूद हैं । वह तो माइक्रास्कोपिक माइनोरिटी के लोग हैं...

श्री अब्दुल रहमान शेख : तो अकलियतों को क्यों नहीं बचा पाते हैं ।

ज्ञानी जैल सिंह : मैं विनती करूंगा कि मैंने आपकी बात बड़ी शांति से सुनी आप भी शांति से सुनिये । (**व्यवधान**)

श्री अब्दुल रहमान शेख : आप ऐसा सर्टीफिकेट दे रहे हैं जैसे कुछ हो ही नहीं रहा है । जो कुछ हो रहा है ठीक ही रहा है ।

ज्ञानी जैल सिंह : आप अगर महसूस करते हैं कि मैं जो कह रहा हूं वह ठीक नहीं है, उससे आप इत्तफाक नहीं करते तो न करें । मैं आपको मजबूर नहीं कर सकता । यह हाउस है । इसकी आवाज सारी दुनिया में जाएगी । वह जज कर लेंगे कि हमने गलत किया या नहीं । आपका समय था आपने कह दिया । पार्लियामेंटरी सिस्टम का जो कायदा है उससे हमें अपनी बात कहनी है । आप चाहते हैं कि एक-एक का मैं जवाब दूं तो सुनने के लिये आपमें हिम्मत चाहिये ।

एक माननीय सदस्य : बिलकुल है

ज्ञानी जैल सिंह : बड़े अदब से कहना चाहता हूं जो उन्होंने यह कहा कि लोग समझते हैं कि यह डाकुओं का देश है, लूटने, मारने वालों का देश है । दंगा करने वालों का देश है तो मैं चाहता हूं कि खुद आनरेबल मेम्बर इस बात को कहना छोड़ दें । ऐसे शब्द दुनिया में जायेंगे तो अच्छी बात नहीं है । (**व्यवधान**) इस देश में डाकू भी हैं, पापी भी हैं और इस देश में अवतार भी हैं, ऋषि भी हैं, मुनि भी हैं ।

श्री भा० दे० खोदरागड़े (महाराष्ट्र) : जातिवाद भी है ।

ज्ञानी जैल सिंह : सांइसदां भी हैं, प्रबन्धक भी हैं । यह देश डाकुओं का नहीं है महापुरुषों का है । यह देश देशभक्तों का है । इंसानियत में विश्वास करने वालों का देश है । (**व्यवधान**) इस देश की महानता को आप को कम करने की कोशिश नहीं करनी चाहिये । (**व्यवधान**)

श्री भा० दे० खोबरागड़े : विषमता की वजह से यह देश दो हजार साल गुलाम रहा (**व्यवधान**)

श्रीमती सरोज खापर्डे (महाराष्ट्र) : आप बहुत पुरानी बात कहते हैं । कोई नई बात आप नहीं कहते । (**व्यवधान**)

ज्ञानी जैल सिंह : आप कहें मेरी वजह से और मैं कहूं आपकी वजह से यह है तो इससे कोई फायदा नहीं होगा। सारे कौम का फायदा हो ऐसी बात करनी चाहिये । अगर मेरी बात आप मानते हैं तो आपको वह शब्द वापस ले लेने चाहियें ...(**व्यवधान**)

श्री भा० दे० खोबरागडे : वापस क्यों लूं ?

No. It is a fact of history.

MR. DEPUTY CHAIRMAN; Let him complete.

SHRI B. D. KHOBRAGADE: He has asked me to take back my words...

MR. DEPUTY QHAIRMAN; No, no, I do not allow it. Please take your seat.

SHRI B. D. KHOBRAGADE: I am only giving a historical fact that this country has been enslaved for 2,000 years because of the religious and social inequality.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You keep your history with you. *(Inter-ruptionsQ* Order, please. Let him reply.

श्रीमती हामिदा हबीबुल्लह (उत्तर प्रदेश) : इनको वापस लेने चाहियें... (**व्यवधान**)

श्री भा० दे० खोबरागडे : आपकी सरकार ऐसी है जिससे मुल्क बदनाम होता है (**व्यवधान**) ।

श्रीमती सरोज खापर्डे : जितनी हमारी सरकार की जिम्मेदारी है उतनी आपकी भी है। (**व्यवधान**)

श्री अब्दुल रहमान शेख : आपके शोर मचाने से हकीकत नहीं बदलती । (**व्यवधान**)

ज्ञानी जैल सिंह : उपसभापति जी, मैंने पहले भी प्रार्थना की थी कि यह मामला बहुत गम्भीरता और संजीदगी से सोचने वाला है । किसी के ऊपर कोई इल्जाम लगाने की बात नहीं है... (**व्यवधान**)

श्री उपसभापति : अगर आप चाहते हैं कि माननीय मंत्री जी सारी बात का जवाब दें तो आप बैठिये । नहीं तो इनका जवाब पूरा नहीं हो पायेगा । आप भाषण देंगे तो जवाब पूरा नहीं होगा । (**व्यवधान**)

श्रीमती सरोज खापर्डे : आर०एस०एस० के लोग, जनसंघ के लोग जब इस देश में, इस सदन में राष्ट्रीयता की बात करें... (**व्यवधान**)

श्री कलराज मिश्र (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, श्रीमती सरोज खापर्डे बार बार आर०एस०एस० के बारे में बोल रही हैं... (**व्यवधान**)। सबसे अधिक कम्युनल तो आप हैं। आप अपने को देख कर बात करिये... (**व्यवधान**)।

ज्ञानी जैल सिंह : यहां हाउस का ला एण्ड आर्डर तो मेरे हाथ में नहीं है। यह तो माननीय उपसभापति जी के हाथ में है । मैंने बड़े सम्मानपूर्वक दूसरी तरफ के मेम्बरों से कहा था कि अगर कोई ऐसा मसला हो जो कि पोलिटिकल हो तो हम एक दूसरे को बुरा-भला कह सकते हैं। लेकिन बुरा-भला कहने के बाद असलियत पर आना निहायत जरूरी है। यह बड़ा

[ज्ञानी जैल सिंह]

संगीन मामला है, दुख का मामला है. . . (**व्यवधान**) । आप बैठिये, आप इतने बड़े आदमी हैं, आप अपनी इज्जत नहीं देख रहे हैं। मैं प्रार्थना कर रहा था कि आपके एक-एक पाइन्ट का जवाब दूं । अगर आप मेरी बात नहीं मानते हैं तो इसमें मुझे कोई गुस्सा नहीं है, नाराजगी नहीं है। लेकित मैं यह जरूर कहूंगा कि अगर देश में कोई थोड़ी-सी कमी भी हो तो हमारा यह फर्ज बनता है कि उस कमी को दूर करने का यत्न करें। लेकिन जो बातें दुनिया में जाने वाली हैं, जो बातें हिस्टरी में आ जाती हैं और आप आनरेबल मेम्बर्स जानते हैं कि इस राज्य सभा की कार्यवाही छपती है और वह हिस्टरी बन जाती है। बाद में अगर लोग इसको पढ़ेंगे कि यह बदमाशों और गुण्डों का देश है तो यह अच्छा नहीं होगा। इसलिए मैंने इस बात को जरा जोर देकर कहा कि आप इस देश को बदनाम मत करिये। मैंने अपनी बात कह दी, अब आपकी जो मर्जी है वह आप करें।

मैंने यह कहा कि जो कसूरवार हैं उनको हम रिपोर्ट के आधार पर सजा देंगे। जो साबित हो जायेंगे, क्लीयर कट साबित हो जाएंगे, उनको पहले ही सजा दे दी जाएगी। जो मामले डाउटफुल होंगे उनको रिपोर्ट आने के बाद सजा दी जायेगी। एक बात उन्होंने यह भी कही कि हमने पीस फोर्स का वायदा किया था। उन्होंने कहा कि मिनिस्टर ने स्टेटमेन्ट तो दे दिया, लेकिन उस पर अमल नहीं किया गया। पीस फोर्स हमारी सेन्ट्रल रिजर्व फोर्स का एक हिस्सा है, उसकी तीन बटालियनों की हमने रेक्रूटमेन्ट कर ली है। उसकी ट्रेनिंग जहां तक मुझे याद है, 10 महीने की कम से कम होगी और उसके बाद वह काम करेगी। यह भी कहा गया कि यू०पी० की सरकार को बलात्कार से डिसमिस किया गया। यह आनरेबल मेम्बर की गलतफहमी है। उस समय 9 हिन्दुस्तान की प्रदेश सरकारों को डिसमिस किया गया था, डिजोल्व किया गया या कहिये कि ऐसेम्बलियों को भंग किया गया। उसमें अकेला उत्तर प्रदेश ही नहीं था। उत्तर प्रदेश को ही उसमें शामिल करना असंगत होगा। उसके साथ इसका कोई ताल्लुक नहीं है। जो यह इल्जाम लगाया गया है कि हमारे डबल स्टेन्डर्ड मुखतलिफ सरकारों के प्रति हैं, यह बिल्कुल नहीं है। सब सरकारों को हम कोआपरेशन देते रहे हैं।

श्री भा० दे० खोबरागडे : बिल्कुल है ।

ज्ञानी जैल सिंह : पूरी तरह से हमने सहयोग दिया है। त्रिपुरा में बहुत बड़े वाकयात हुए हैं . . . (**व्यवधान**) । खोबरागडे जी आप बीच में बोलते जाते हैं तो ये लड़कियां भी बोलने लगती हैं . . . (**व्यवधान**) । आप तो बुजुर्ग आदमी हैं । आप बहुत दिनों से यहां पर सेवा करते आए हैं।

श्री अरविन्द गणेश कुलकर्णी (महाराष्ट्र) : ज्ञानी जी, आप श्री खोबरागडे और श्रीमती सरोज खापर्डे में समझौता करा दें। . . . (**व्यवधान**) ।

श्रीमती सरोज खापर्डे : हमारे और श्री खोबरागडे के बीच में समझौता करने के लिए श्री कुलकर्णी जी के आने की जरूरत नहीं है। वे तो हमारे ही आदमी हैं . . . (**व्यवधान**) ।

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal): May I suggest that Shrimati Saroj Khaparde should come to th« front bench? (Interruptions) We are finding she is very ably defending the Home Minister.

SHRIMATI "SAROJ KHAPARDE:: Whatever was said by the Opposition Members, only on that I rose and

took objection; otherwise, I would not have got up.

SHRI BHUPESH GUPTA; All I said was it is better you come to the front bench. (Interruptions)

SHRIMATI SAROJ KHAPARDE: Saroj Khaparde and Khobragade come from the same community. *{Iriterruptions)*

SHRI B. D. KHOBRAGADE: Not only they come from the same community, they come from the same family.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I think the hon. Members do not seem to be interested in listening to the Home Minister's reply. Mr. Khobragade, why are you taking the time of the House. It seems Members are not interested in the Minister's reply....

SOME HON. MEMBERS: We are interested.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Nobody seems to be interested. Every time somebody or other is standing up. Now, he is standing up. Let the Minister complete his answer.

ज्ञानी जैल सिंह : आनरेबल मेम्बर साहबान से आपकी मार्फत प्रार्थना करता हूं कि कायदे के मुताबिक कालिंग अटेन्शन के बाद जो मेम्बर बात पूछना चाहते हैं वे पूछें और उनको जवाब दिया जाता है पर उन्हें दुबारा मौका नहीं दिया जाता है। यह मैं कहता हूं कि दुबारा, तिबारा या छः बार मौका दीजिये लेकिन दो बातों का जरूर ख्याल रखें। जब तक मैं बोलता हूं बीच में इन्टरप्शन न हो। दूसरी बात, कोई मेम्बर आपकी इजाजत के बगैर न बोले। अगर कोई गलती करता है चाहे इस तरफ का हो या उस तरफ का हो, आपको मेरी प्रार्थना है हाउस को पूरी तरह से आपको कन्ट्रोल करना चाहिए।

एक बात जो बहुत महत्वपूर्ण मेरे आनरेबल साथी ने कह दी वह उनको कहनी नहीं चाहिए कि प्रधान मंत्री को अपना टूर प्रोग्राम कैंसिल करना चाहिए था। प्रधान मंत्री एक दिन पहले वहां जाती हैं और विदेशों में, जहां का प्रोग्राम बना हुआ है वह बहुत मुद्दत से बना हुआ है और वह तकरीर करने के लिये नहीं गई। उन्होंने बहुत से मुल्कों में जाना है, एक से ज्यादा मुल्कों में जाना है। सब को टाइम दिया गया है और आनरेबल मेम्बर को पता है कि प्रधानमंत्री किसी मुल्क में जाती हैं तो उस मुल्क को कितनी तैयारी करनी पड़ती है और अगर न जाय तो उस देश के लिये कितनी परेशानी होती है। यह तकरीर करने की बात नहीं है। यह देश के आनर का सवाल है, यह करेक्टर का सवाल है, यह देश की प्रामिस पर अमल करने का सवाल है। यह भी कभी हुआ कि कोई वाकया हो जाय तो सिर्फ प्रधानमंत्री ही उसको देखें। उनको कुलीग बैठे हुए हैं, उनकी मिनिस्ट्रीज यहां बैठी हुई हैं, एडमिनिस्ट्रेशन यहां बैठा हुआ है, वहां प्रान्तीय सरकार कायम है। यह हमारी ड्यूटी है कि हम इसको देखें। आप जो कुछ भी कहना चाहते हैं, प्रधान मंत्री जब तक वापस नहीं आती, तब तक हम को कह लीजिए। मैंने तो बार बार कहा संजीदगी रखिये और इसको ऐसी बात में नहीं लेना चाहिए।

एक बात कह कर मैं समाप्त करता हूं। गैर-मुल्कों का हाथ कहने से यह शक जाता है अक्कलतियों पर। मैंने पहले भी कहा था और आज भी कहता हूं कि अक्कलियतों पर, अक्सरियतों पर या हरिजनों पर किसी का सवाल नहीं है। विदेशी हाथ हो तो मेजारिटी भी उसके पीछे हो सकती है, किसी माइनारिटी का भी हाथ पीछे हो सकता है। मगर यह मोटिव नहीं है। यह कह कर आपने कोई खिदमत नहीं की कि मई

[ज्ञानी जैल सिंह]

पाकिस्तान से हथियार आये तो मुसलमानों को इस पर ऐतराज है ऐसी बात आपको नहीं कहनी चाहिए । देश के हित में आपको सोचना चाहिए जिससे कि देश की एकता बढ़ती हो, नेशनल यूनिटी बढ़ती हो और इमोशनली हम एक दूसरे के नजदीक आ सकें । इसके रास्ते में हमको कोई रुकावट नहीं डालनी चाहिए । ऐसी बात हमारे दिमाग में नहीं है और न ही आपको रखनी चाहिए ।

[شری عبدالرحمان شیخ : میرے پورے کوئشچن کا جواب نہیں آیا]

†[**श्री अब्दुल रहमान शेख** : मेरे पूरे क्वेश्चन का जवाब नहीं आया ।]

श्री उपसभापति : जवाब हो गया है । Nobody can cover all your points.

[شری عبدالرحمان شیخ : بہت سے سوال باقی رہ گئے .....]

†[**श्री अब्दुल रहमान शेख** : बहुत से सवाल बाकी रह गये ।]

श्री उपसभापति : इतनी लम्बी स्पीच आप दे गये ...

[شری عبدالرحمان شیخ : میں تقریر نہیں کرونگا -]

†[**श्री अब्दुल रहमान शेख** : मैं तकरीर नहीं करूंगा ।]

श्री उपसभापति : नहीं । दूसरों को भी बोलने दीजिए, दूसरों को भी बोलने का मौका दीजिए ।

†[ ] Devanagri transliteration.

[شری عبدالرحمان شیخ : ہمارا پوری ولیج ہے کہ جو سوال ہم پوچھیں اس کا جواب ہمیں ملے -]

†[**श्री अब्दुल रहमान शेख** : यह हमारा प्रिविलेज है कि जो सवाल हम पूछ उसका जवाब हमें मिले ।]

श्री उपसभापति : ठीक है पर आपने बहुत से सवाल पूछे हैं Unless you put a specific question and if you make a long speech, no Minister will be able to reply to all the points.

.. आप 15 मिनट बोले ।

(**व्यवधान**) ठीक है प्रिविलेज है लेकिन टाइम लिमिट कोई होती है... (**व्यवधान**) ...

[شری عبدالرحمان شیخ : میں یہ جاننا چاہتا ہوں کہ جو ماس میڈیا ہے، جو اخبار اس طرح کی بات پھیلاتے ہیں کہ پاکستان سے ہتھیار آ رہے ہیں مرادآباد میں، جو حالاتوں کو بگاڑتے ہیں اور فسادات کو بڑھانے میں مدد کرتے ہیں ان کے خلاف آپ کیا کاروائی کرنے جا رہے ہیں - (مداخلت)]

I put a specific question.. ..

†[**श्री अब्दुल रहमान शेख** : मैं यह जानना चाहता हूं कि जो मास मीडिया है, जो अखबार इस तरह की बात फैलाते हैं कि पाकिस्तान से हथियार आ रहे हैं मुरादाबाद में जो हालातों को बिगाड़ते हैं और फसादात को बढ़ाने में मदद करते हैं उनके

खिलाफ आप क्या कार्यवाही करने जा रहे है— (व्यवधान) ।]

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This is not the way of putting specific questions....

इतनी बड़ी स्पीच देने से कोई जवाब नहीं हो सकता .. (व्यवधान) ..

[شری عبدالرحمان شیخ : آپ
سوال نہیں پوچھنے دے رہے ہیں -
وہاں خون کی ندیاں بہہ رہی ہیں
آپ میری زبان بند کرنا چاہتے ہیں -]

†[श्री अब्दुल रहमान शेख : आप सवाल नहीं पूछने दे रहे हैं वहां खून की नदियां बह रही हैं आप मेरी जवान बन्द करना चाहते हैं ।]

श्री उपसभापति : खून की नदियां, यहां हम यह नहीं सुनना चाहते हैं ।

[شری عبدالرحمان شیخ : آپ
ہمارا منہہ بند کرنا چاہتے ہیں.....
(مداخلت)

† [श्री अब्दुल रहमान शेख : आप हमारा मुंह बन्द करना चाहते हैं ।]

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Khobragade, this is very bad of you-always sitting while speaking.

[شری عبدالرحمان شیخ : آپ
ہمارا منہہ بند کرنا چاہتے ہیں
اس لئے میں واک آوٹ کرتا ہوں میں
نوکونفیڈنس موشن لاؤنگا...(مداخلت)

†[श्री अब्दुल रहमान शेख : आप हमारा मुंह बंन्द करना चाहते हैं इसलिए मैं वाकआउट करता हूं मैं नो कान्फीडेन्स मोशन लाऊंगा .. (व्यवधान) । आप माइनीरिटी को इस तरह से दबाने के आदी हो गये हैं ।

(At this stage the hon. member left the Chamber).

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, Mr. Ramanand Yadav.

SHRI B. D. KHOBRAGADE: Sir, this is very wrong. He has asked a question about the media only.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This is very bad. All the time you are speaking. Mr. Khobragade will not go on record. Yes, Mr. Ramanand Yadav.

(SHRI B. D. KHOBRAGADE *continued to spekik).*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: If the Members make long speeches, no Minister can reply. If the Members want specific answers, they must put specific questions. Yes, Mr. Yadav.

श्री रामानन्द यादव : उपसभापति महोदय, यह बहुत ही दुख की बात है कि बिहारशरीफ में दंगा हुआ । यह सारे सदन के लिए, सारे मुल्क के लिए दुख की बात है कि हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच में इस तरह के दंगे हुए । इससे पहले भी दंगे इस देश में होते थे लेकिन सुखद बात यह थी कि 1971 से 1976 तक दंगे नहीं हुए । लेकिन 1977 में इलेक्शन हुआ और आपने देखा कि कुछ सेकूलर फोर्सिज जो इस देश में थी रिलीजियस फोर्सिज के साथ यूनाइट कर गई और यूनाईट करने के बाद इस देश में वे जो रिलीजियस फोर्सिज थी ऐसी कम्युनल और पोलिटिकल पार्टियां जो केवल उसी आधार पर इस देश में पनपती थी उनको इस देश में

t[ ] Devanagri transliteration.

[श्री रामानन्द यादव]

प्रतिष्ठा मिली और प्रतिष्ठा किस ने दी ? इस देश में सब से बड़े अपने को सेकुलर कहने वाले लोग, पोलिटिकल पार्टियों के लोग जो समाजवाद, साम्यवाद, कम्युनलिज्म या दूसरा नारा देते थे और प्रचार करते थे उनको देखा गया कि 1977 आते आते सब अपने को विलीन कर गये । इस देश को कम्युनल फोर्सिज चाहे हिन्दु समाज को हों, चाहे मुस्लिम समाज को हों, मुस्लिम लोग हों, आर० एस० एस० हो, हिन्दु महासभा, जमीयते इस्लामी से, हिन्दुओं में और मुसलमानों में जो भी इस तरह की संस्थायें थीं उनके साथ संबंध जोड़ लिया । और एक प्रतिष्ठा दे दी । इस देश में कम्युनलिज्म, जिस की वजह से आज इस देश में 1978 आते आते सब से बड़ा दंगा अलीगढ़ में हुआ । जनता पार्टी के वक्त में हुआ था । दो महीने तक यह दंगा चलता रहा लेकिन मोरारजी देसाई वहां पर नहीं गये । मैं उनको कंडम नहीं करता कि क्यों नहीं गए । टाइम नहीं मिला होगा। शायद एडमिनिस्ट्रेशन ने उनको राय दी होगी कि इस वक्त माकूल समय नहीं है । ऐसी बात भी नहीं है . . . (**व्यवधान**) यह मेरे अपने विचार हैं । उनको जाना चाहिये था लेकिन नहीं गये । यह प्रतिष्ठा जिन लोगों ने दी उन्हें खुद सोचना चाहिये कि उनकी वजह से आज इस देश में दंगे हो रहे हैं । हमारी वजह से नहीं है । हमने तो रोका था । आपने उनको प्रतिष्ठा दी । अब उसका फल भोग रहे हैं । यह जो दंगा होता है, इसका जरा इतिहास देखिये । यह कहां होता है । मन्दिर, मस्जिद, लिकर-शाप, रेवयाड, जमीन और ताड़ीखाना, दंगा इन जगहों पर होता है । यह दंगा भी ठीक वहीं हुआ है । यह दंगा भले पुरुष नहीं करते हैं । इतिहास इस देश में साक्षी है । हमारे मित्र चले गये हैं । हिन्दू और मुसलमान. . .

श्री भा० दे० खोबरागडे । मैं यहां पर हूं । (**व्यवधान**)

श्री रामानन्द यादव : मैं आपको नहीं कहता. . . (**व्यवधान**) .

क्या आप स्वप्न में सुन रहे हैं ? आप संसार में रहिए. . . (**व्यवधान**)

श्री भा० दे० खोबरागडे : आप मुझे संसार में भेजना चाहते हैं, मैं अभी भी संसार में हूं. . . (**व्यवधान**)

श्री रामानन्द यादव : आप तो गजब आदमी हैं भाई, आप इतने पुराने आदमी होकर इस तरह का व्यवहार करते हैं ।

श्री भा० दे० खोबरागडे : आप जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल करते हैं मुझे उसी तरह से व्यवहार करना पड़ता है. . . (**व्यवधान**)

श्री रामानन्द यादव : आपको तो अच्छे शब्दों का व्यवहार करना चाहिए, आप तो पुराने आदमी हैं ।

श्री भा० दे० खोबरागड़े : मैं 1958 से यहां का मेम्बर हूं और यहां का डिप्टी चेयरमैन रह चुका हूं, जहां पर आप बैठे हैं. . . (**व्यवधान**)

श्री उपसभापति : आप बोलने तो दीजिए. . . (**व्यवधान**)

श्री भा० दे० खोबरागडे : अरे छोड़िए । मैं कल ही गुजरात से होकर आया हूं वहां पर क्या हुआ, वहां पर क्या बीती है, मैं देखकर आया हूं और. . (**व्यवधान**)

श्री रामानन्द यादव : उपसभापति जी, इतिहास साक्षी है कि इस देश में डाकू नहीं हैं... **(व्यवधान)**

श्री उपसभापति : आप कृपा करके मेरे थ्रू पूछिए ...**(व्यवधान)** वहां बहुत ध्यान मत दीजिए । नहीं तो बहुत समय लग जायेगा ।

श्री रामानन्द यादव : इस देश में मिस मेयो आई और वे एक विदेशी महिला थीं जहां भी गयीं उनको केवल इस देश में खराबी ही नजर आती । मुझे तो ऐसा लगता है कि शेख साहब ने उन विदेशियों की लिखी हुई किताबें पढ़कर इस भारतवर्ष के संबंध में अपने विचार बना लिये हैं । कुछ अपने देश का इतिहास, जो हमारे फकीर हो गये हैं, जो हमारे संत हो गये हैं जो महर्षि हो गये हैं, जो हमारे अंदर विद्वान हो गये हैं धर्माचार्य हो गये हैं उनकी बात तो जरा सोचिए, उनके ग्रंथों को देख लीजिए । इस देश में हिन्दू मुसलमान एकता कायम करने वाले दोनों धर्मों में, हर एक धर्मों में अच्छे लोग पैदा हुए हैं जिन्होंने हिन्दू धर्म में पैदा होकर भी मुसलमानों के साथ भाईचारे का प्रचार किया... **(व्यवधान)**

श्री उपसभापति : घटना पर पूछिए, उसको छोड़िए ।

श्री रामानन्द यादव : तो उसकी कमी नहीं है और मुसलमानों में पैदा होकर हिन्दुओं के साथ भाईचारे का संबंध बनाकर इस देश में रहे हैं और उसी का अर्थ यह है कि जब ताजिए निकलते हैं तो हिन्दू... **(व्यवधान)** बनता है और जब हिन्दुओं के यहां से महावीरी झंडा निकलता है तो मुसलमान उसमें जाकर गाटका खेलते हैं । यह हमारी एकता है । हम एक दूसरे के धर्मों और त्योहारों में शामिल हुते हैं । शायद वे भूल गये.. **(व्यवधान)**

श्री राम लखन प्रसाद गुप्त (बिहार) : श्रीमन्, .. **(व्यवधान)**

श्री उपसभापति : आप बीच में क्यों खड़े हो गये ।

श्री रामानन्द यादव : हमारे एक वक्तव्य में.. **(व्यवधान)**

श्री उपसभापति : अब आप विषय पर आईये, बहुत समय मत लगाईये ।

श्री रामानन्द यादव : हमारे पूर्व वक्ता ने यह एलीगेशन लगाया कि बिहार की सरकार ने कुछ नहीं किया, बिहार की सरकार को, जगन्नाथ मिश्र की सरकार को तुरंत डिसमिस कर देना चाहिए, यह इनके अंदर पालिटिकल नीति है । उनका दिल साफ नहीं है । ये दंगे नहीं रोकना चाहते हैं, लोगों के मरने से दुखी नहीं हैं बल्कि उनकी लाश पर अपनी राजनीति पनपाना चाहते हैं ... **(व्यवधान)** इसलिए इस तरह की भाषा का प्रयोग करते हैं कि श्री जगन्नाथ मिश्र को रिजाईन कर देना चाहिये । मैं आपसे पूछना चाहता हूं...

श्री शिव चन्द्र झा : मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है ।

श्री उपसभापति : अब आप तो पूछ चुके हैं झा जी, बोलने दीजिए कृपया करके ।

श्री शिव चन्द्र झा : वहां बहुमत उन्हीं लोगों का है, उन्हीं की सरकार बने विरोधी दल की नहीं.. **(व्यवधान)** उनको हटा करके अपने ही दल के दूसरे मुख्य मंत्री को बनाईये.. ।

श्री उपसभापति : आप कहिए ।

श्री रामानन्द यादव : उपसभापति जी, श्री जगन्नाथ मिश्र ऐसे व्यक्ति हैं कि एक मुसलमान बिहार का उस आदमी को प्यार करता है । मैं तो चैलेंज करता हूं मिस्टर झा जी की आप चलो खड़े हो लो और देख लो कि बिहार का मुसलमान क्या कहता है । एक-एक पिछड़ी जाति के लोग, एक-एक हरिजन और हर जाति में वे प्रिय व्यक्ति हैं । आप उनका रिजिगनेशन मांगते हैं ? आपका असर लोगों पर बुरा पड़ेगा कि आप कैसे व्यक्ति हैं । जब दंगे हो रहे हों उस वक्त मुख्य मंत्री जी रिजाईन कर देंगे तो क्या होगा ला एण्ड आर्डर कोलेप्स कर जायेगा और आप चाहते हैं कि और लोग मारे जाते ' वहां बिहार के मुख्य मंत्री ने सबसे पहले बैठकर चीफ सेक्रेटरी नायर और वहां के आई जी पुलिस दोनों को वहां भेजा, उसने सी. आर. पी. भेजी, बिहार बटालियन भेजी और फोर्सेज भेजी, अपनी मशीनरी को टीयर अप किया, करीबन 1 मैजिस्ट्रेट्स को डिप्यूट किया और आपको सुनकर ताज्जुब होगा कि उसने जितनी जल्दी बिहार शरीफ के दंगे को रोकने के लिए, **(व्यवधान)** शायद कोई मुख्य मंत्री नहीं कर सकता था । उत्तर प्रदेश में भी दंगे हुये, हमने देखा । लेकिन बिहार का दंगा आज कंट्रोल्ड है और पूरी तरह से कन्ट्रोल्ड है। आप बिहार शरीफ की तराई को जानते हैं और आप जानते हैं कि किस तरह का एरिया है, जहां सड़क नहीं है, लोग पालकी पर जाते हैं । अगर आप बिहार शरीफ में जायेंगे, धान के खेत हैं, कोई सड़ज नहीं है । आज भी झा ' अगरजी उतरियगा हरनौर तो कांधे पर पालकी पर बैठ करके जाना होगा वैसी जगह पर ।

श्री उपसभापति : झा जी पालकी पर नहीं जायेंगे, समाजवादी हैं वे ।

श्री रामानन्द यादव : उस जगह पर पुलिस को भेजना कठिन काम है । 1946 में जो आन्दोलन हुआ था, मैं भी उन लोगों में था जो दंगा रोकने में शामिल थे और आप भी होंगे 1946 में आपने देखा था शाह नवाज खां किस तरह से वहां कैम्प गाड़ करके काम करते थे । मुझे भी याद है, आपको भी याद है । हम लोग गसौरी में—यह वही एरिया है जहां आज भी दंगा हो रहा है । तो बिहार की सरकार ने पूरी मुस्तैदी से दंगे पर काबू करने के लिए प्रयास किया । अब जैसे कि झा जी ने कहा कि दो सौ आदमी मारे गये, बिलकुल गलत बात है । देहात में घटना हुई, आज से दो दिन पहले घटना हुई और फ्लैश आने में एक-दो दिन लग जाते हैं । कल जो घटना हुई, दो दिन पहले जो फ्लैश आता है, उसस संख्या बढ़ती है, लेकिन जिस रूप में फर्स्ट डे को हुआ वह तो नहीं हुआ ।

श्रीमन आप सुन कर ताज्जुब करेंगे कि बिहार शरीफ में मुसलमानों ने राइफल लेकर हिन्दुओं को मुसलमानी मोहल्लों से निकाल करके हिन्दू मोहल्लों में पहुंचाया और आपा यह मालूम होना चाहिये कि बाबा बसन्त जी, मैं गांव याद नहीं करता, अपने यहां सारे गॉव के मुसलमानों को इकट्ठा करके अपने घर में रखा बन्द करके, अपनी जान पर खेल करके उसने लोगों की जान की रक्षा की ।

आपको मालूम है कि रूपसपुर गांव में हिन्दुओं ने मुसलमानों ने सब इकटठे होकर के इस बात की शपथ खाई कि एक भी घटना इस तरह की नहीं होने देंगे । भोला बाबू ने जज्बात के लिए कहा—उस महिला ने मरते हुये अस्पताल में बयान दिया, लेकिन घटना कहीं हुई, घटना का स्थान आपको मालूम है भोला जी ?

देहात में उस हिन्दू के घर में जहां सब मुसलमान इकट्ठे हुए थे ।

दंगाई आये, वे हिन्दू रिजिस्ट करते रहे, लाठियां चलीं, रक्षा करनी चाही, मुसलमानों को निकाल-निकाल कर भागने को कहा और लोग भागे । देहात में पुलिस को डिप्यूट करने में, फोर्स भेजने में दिक्कत होती है । शुरू-शुरू में पुलिस नहीं जा सकी, यह बात ठीक है, एक दिन नहीं जा सकी । लेकिन कण्ट्रोल हुआ । आज ऐसे लोग हैं हरनौर में दूसरी जगह में जो खुद हिन्दू और मुसलमानों की रक्षा कर रहे हैं, अपनी रक्षा कर रहे हैं खुद । यह कहना कि मानवता इस देश से विलीन हो गई है, हमारे शेख साहब, यह अच्छी बात नहीं है ।

श्री अब्दुल रहमान शेख : मैंने यह कहा ही नहीं ।

श्री रामानन्द यादव : मनावता है हिन्दुओं और मुसलमानों दोनों में है । यह कहना कि एडमिनिस्ट्रेशन रिजाइन कर दे, मुख्य मंत्री को कभी रिजाइन नहीं करना चाहिये ।

पीस कीपिंग फोर्स दो दंगा रोकने के लिए, इस मांग को मैं जायज समझता हूं, लेकिन एक बात को जरूर मैं अर्ज करूंगा कि उसमें आप मुसलमान को तरजीह दे दीजिए, हरिजन को तरजीह दे दीजिए, फिर आदिवासी को तरजीह दे दीजिए, तो अलग फोर्स क्रिएट हो जाएगी —

this will create complication in future which will arise-

क्या जरूरत है ? इण्डाक्ट्रीनेशन होना चाहिये एडमिनिस्ट्रेशन का, और जो पीस कीपिंग फोर्स रखते हैं, उसको सिक्यूलियरिज्म की आप शिक्षा दीजिए, उसी लाइन पर डालिए उसको, उसी तरह से व्यवहार करना सिखाइए ताकि वे जिस तरह डाकुओं के साथ डील करते हैं, क्रिमिनल्स के साथ डील करते हैं, वे दंगाइयों के साथ डील न करें, बल्कि उसकी डील करने में वे मुस्तैदी दिखाएं ।

श्री उपसभापति : अब समाप्त करिए ।

श्री रामानन्द यादव : मेरा ऐसा विचार है कि किसी जाति विशेष से कोई पुलिस फोर्स हो, यह बात व्यर्थ है ।

श्री अब्दुल रहमान शेख : हां, "रेप्रेजेन्टेशन नहीं चाहिये ।" असलियत यहां निकलती है ।

SHRI RAMANAND YADAV: No representation. Educate them. This is the only way.

श्री उपसभापति : समाप्त कीजिए । 15 मिनट हो चुके हैं । (व्यवधान)

श्री रामानन्द यादव : मेरा अपना खयाल है कि हमारे मित्र इस बात को सोचते हैं कि जिस तरह के एलिमेंट इस देश में हैं वे एलिमेंट कायम रहेंगे तो मैं शेख साहब से कहूंगा ऐसे एलिमेंट के साथ चाहे वह किसी भी पोलिटिकल पार्टी के हों आप अपना असोसिएशन कम कर दीजिए ।

श्री भा० दे० खोबरागडे : अरे, आपतो अपना कम कर दो ।

श्री पी० रामूर्ति : पोइन्ट आफ आर्डर, सर । मैं समझता हूं । आप इसको एक डिबेट की तरह समझ रहे हैं । . . .

श्री उपसभापति : मैं नहीं ऐसा समझ रहा हूं । मैं बार-बार उनको रोक रहा हूं । कोई भी रुकने के लिए तैयार नहीं । लेकिन दिक्कत यह है कोई बात मानता नहीं ।

श्री पी० राममूर्ति : एक पूरी स्पीच दे दी वहां की हालत क्या है । यह क्या है? कोई अगर सवाल पूछता है तो उनको सवाल पूछना चाहिये . . .

श्री रामानन्द यादव : आप थे नहीं राममूर्ति जी । यू वेचर आउटसाइड। अभी- अभी आप आते हैं और पौइन्ट आफ आर्डर उठा देते हैं । यहां कितने लम्बे चौड़े भाषण हो गए । राममूर्ति जी आप जरा सोच समझ कर कहें । This is not a point of order. I am sorry a seasoned man like you is behaving like this.

श्री उपसभापति : अब तो आप समाप्त कर लें 15 मिन्ट से ऊपर हो गए ।

श्री रामानन्द यादव : मैं पूछना चाहता हूं क्या सरकार तैयार है कि जितनी कम्यूनल पोलिटिकल पार्टीज हैं, सांप्रदायिक राजनैतिक दल, उन पर सरकार बैन लगाएगी ? चाहे वह हिन्दुओं की हो चाहे वह मुसलमानों की हो और चाहे वह जातिवाद का भी प्रचार करती हो । क्या आप ऐसे पोलिटिकल लोगों के ऊपर बैन लगाइएगा ?

श्री सदाशिव बगाईतकर : आप फैसला करिए । आप को रोका किसने है? . . **(व्यवधान) . . . .

श्रीमती सरोज खापर्डे : . . .तो तुम लोग हो । **

श्री (मौलाना) असराऊल हक राजस्थान : यह बड़ा इंसल्टिंग लफ्ज है जो यूज किया है इस को एक्सपंज करना चाहिये । यह पार्लियामेंटरी नहीं है (व्यवधान)

श्री उपसभापति : जो संसदीय बात कही गई हों उसको निकाल दिया जाएगा ।

**Expunged as ordered by the chair.

श्री महेन्द्र मोहन मिश्र : उनको ऐसे कहने से पहले खुद अपने ऊपर शर्म आनी चाहिये ।

श्री (मौलाना) असराऊल हक : आप ऐसी जबान यहां इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं । . . .(व्यवधान) . .

श्री रामेश्वर सिंह (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, का मतलब है **इस्तेमाल करने वाला . . . (व्यवधान)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Order please.

श्री रामेश्वर सिंह : **को भाषा जो करता है उसको . . . कहते हैं ।

श्री महेन्द्र मोहन मिश्र : क्या आप अपने को **कह सकते हैं . . . (व्यवधान)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Order please.

श्री रामेश्वर सिंह जी बैठ जाइए । इस शब्द का अर्थ जो सामान्य तौर पर होता है वह यहां नहीं है । मैं समझता हूं, श्री बगाईतकर ने जब वह शब्द प्रयोग किया, वह बिना उसका अर्थ समझे वह दिया है । इस शब्द का प्रयोग असंसदीय है, यह नहीं लिखा जाएगा ।

2 P.M.

SHRI B. D. KHOBRAGADE: The word** is not imparliamentary. You refer to May's Parliamentary Prac-time. (Interruptions)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That word is not found in May'i Parliamentary Practice.

(व्यवधान) रामेश्वर सिंह समझते हैं कि यह शब्द उचित है, दूसरे मेम्बर

उनके लिए इस्तेमाल करें तो देखिए उन को कैसा लगता है ।

श्री सदाशिव बगाईतकर : * * , इसका मतलब नहीं होता ।

श्री उपसभापति : नहीं होता ।

श्री सदाशिव बगाईतकर : मैं हिन्दी भाषी नहीं हूं ।

श्री उपसभापति : इसीलिए कहता हूं कि यह इसका मतलब नहीं होता । यह शब्द रामेश्वर सिंह को पसन्द है . .

श्री सदाशिव बगाईतकर : * * के लिए मैंने कहा था। (व्यवधान)

श्री उपसभापति : बगाईतकर जी, आप डिक्शनरी कन्सल्ट कर लीजिए । रामेश्वर सिंह जो अपने को ऐसा कहलवाना पसन्द करते हैं तो उनके लिए किया जाय ।

श्री कलराज मिश्र : किसी का नाम लेकर इस तरह की बात आप की तरफ से नहीं होनी चाहिये ।

श्री उपसभापति : आप बैठिए ।

श्री कलराज मिश्र : आपकी तरफ से यह बात नहीं आनी चाहिये । चेयर को अपनी मर्यादा का ध्यान रखना चाहिये।

श्री उपसभापति : वह बहस कर रहे थे कि उचित है इसलिए मैंने कहा ।

श्री रामेश्वर सिंह : श्रीमन्, उपसभापति जी, आप ऐसे सिंहासन पर बैठे हैं जहां बैठने का सौभाग्य बहुतों को प्राप्त नहीं होता ।

श्री उपसभापति : आप सरमन मत दीजिए, उपदेश मत दीजिए ।

श्री रामेश्वर सिंह : आपको कमेंट नहीं करना चाहिये । आप अगर यह समझते हैं कि संसदीय नहीं है तो उसको निकलवा दीजिए ।

श्री उपसभापति : रामेश्वर सिंह जी , आप दोहरी बहस नहीं कर सकते । आपने कहा कि यह संसदीय है, मैं समझता हूं कि असंसदीय है । अगर आप समझते हैं असंसदीय नहीं है तो वह आपके लिए प्रयोग किया जा सकता है, मुझे आपत्ति नहीं है ।

श्री रामेश्वर सिंह : श्रीमन . . .

श्री उपसभापति : बैठ जाइए, आपने जो कहा, वह सबने सुना है ।

SHRI K. K. MADHAVAN (Kerala)-. I want to draw your attention...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You do not know Hindi. Please sit down.

S»HRI K. K. MADHAVAN: What is that word? *(.Interruptions).*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That word is not used in a good sense.

श्री रामानन्द यादव अब आप समाप्त करिए ।

श्री रामानन्द यादव : मेरा दूसरा प्रश्न . . .

श्री उपसभापति : मैं फिर नहीं रोक पाऊंगा । अब आप समाप्त करिए ।

श्री रामानन्द यादव : मैंने पहला सवाल पूछा है । दूसरा सवाल यह है कि क्या सरकार . . .

श्री उपसभापति : आप प्रश्न नहीं पूछेंगे तो मैं मंत्री जी से कहूंगा जवाब देने के लिए ।

श्री रामानन्द यादव : क्या सरकार जुडीशियल इनक्वायरी . . .

•♦Expunged as ordered by the chair.

श्री उपसभापति : उसका जवाब हो गया । अब क्या पूछते हैं ?

श्री रामानन्द यादव : मैं सरकार से केटेगरिकल आन्सर चाहता हूं । क्या सरकार जूडीशियल इन्क्वायरी जल्द से जल्द . . .

श्री उपसभापति : वह जवाब दे चुके हैं । आप क्यों वही प्रश्न पूछते हैं ?

श्री रामानन्द यादव : मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि क्या सरकार रायट्स को रोकने के लिए, हिन्दू मुस्लिम रायटस को रोकने के लिए एक लाग टर्म, दूरगामी प्रोग्राम सभी पार्टियों के समर्थन से तैयार कर उसे इम्प्लीमेंट करने की कोशिश करेगी ?

श्री उपसभापति : समाप्त करिए ।

श्री रामानन्द यादव : नहीं । मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि क्या वह दंगों को रोकने के लिए कोई शार्ट-टर्म प्रोग्राम भी बनायेगी । मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि दंगों से जो लोग मारे गये हैं, जो प्रभावित हुए हैं उन के रिहेबिलिटेशन के लिए कौन सा उचित प्रबन्ध सरकार ने किया है । और सरकार मुलाजिमों को . . .

श्री उपसभापति : मंत्री जी । सिर्फ दो प्रश्न हैं उन का जवाब दीजिए । अब पूरी बहस का जवाब मत दीजिए, आब्जरवेशन छोड़ दीजिए ।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI YOGENDRA MAKWANA): Sir. I would only say about the first point he raised with regard to banning the political parties, that it it a suggestion and I have taken note of it.

श्री शिव चन्द्र झा : हिन्दी में जवाब दीजिए ।

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu): You speak in English.

MR, DEPUTY CHAIRMAN: Let him reply.

SHRI V. GOPALSAMY: So far I was not able to follow what he was saying.

SHRI YOGENDRA MAKWANA: So far as the judicial inquiry is concerned my senior colleague has already announced that there will be a judicial inquiry by a High Court Judge. About the long-them, short-term and other programmes, these are all suggestions and I have taken note of them.

شری سید ھاشمی : ڈپٹی چیرمین صاحب مجھے اس سدن میں ایک بار پھر افسوس کا اظہار کرنا پڑ رہا ہے کہ آج آزادی کے ۳۲ ورشوں کے بعد بھی ہم ایک ایسی قومی برائی پر بحث کرنے کے لئے مجبور ہو رہے ہیں ہم اس سدن کو یا پوری قوم متوجہ کرنے کے لئے مجبور ہو رہے ہیں کہ اگر وہی حکومت ذمہ داری کے ساتھ اس بات کی طرف سنجیدگی کے ساتھ غور کرتی تو میں سمجھتا ہوں کہ آج سے بہت پہلے اس برائی کا اس فرقہ پرستی کا خاتمہ ہو چکا ہوتا - لیکن یہ بات ابھی جگہ پر صحیح ہے کہ یہ ہو سکتا ہے کہ اس سدن میں ہم کچھ سیریس طریقہ پر کچھ سنجیدگی کے ساتھ سوچتے ہوں اور سنجیدگی کے ساتھ ہم کیلکلیشن کرکے کسی فیصلہ پر پہنچنے

ہے - تو ہماری پرائم منسٹر نے بہت تلخی سے غصہ سے چلا کر جواب دیا— تو فیلیور - میں پوچھنا چاہتا ہوں کہ اگر یہ بات ہماری حکومت کو اور اس کے جو ذمہ دار ہوم منسٹر صاحب ہیں ان کو تسلیم نہیں لیکن کیا کیا یہ انتظامیہ کا فیلیور نہیں ؟ حکومت کی ناکامی نہیں - میں سمجھتا ہوں اور میری انفارمیشن اپنی جگہ پر ہے کہ دو سو یا دو سو سے زیادہ لوگ وہاں مارے گئے - لیکن میں کہنا چاہتا ہوں کہ ہمارے ہوم منسٹر صاحب اگر اس فیگر کو نہیں مانتے تو میں اس کو چیلنج کرنا چاہتا ہوں اور میں اسپوانسٹ نہیں کرتا - لیکن میں کہنا چاہتا ہوں کہ ۴۸ کی تعداد بھی کیا کم ہے جس کو کہ حکومت نے تسلیم کیا ہے - کیا یہ تعداد کم ہے اور اتنا ہو چکنے کے بعد بھی ہمارے ملک کی پرائم منسٹر یہ کہیں کہ یہ فیلیور نہیں ہے جب کہ پوری اطلاعات بھی ان کے علم میں ہوں - اور اخبار میں پورے طریقہ سے یہ آیا بھی ہے کہ وہاں پولیس کھڑی تماشہ دیکھتی رہی اور اس نے کہیں انٹروین نہیں کیا - کوئی انٹر فیو نہیں کیا اور کمیونل کلیسیز ہوتے رہے فرقہ دارانہ فسادات ہوتے رہے ہیں - اور اس نے کہیں مداخلت نہیں کی اور یہی وجہ ہے کہ ہمارے ایک بھی ہوں ؟ لیکن میں سمجھتا ہوں کہ حکومت اس فیصلہ کو امپلیمینٹ نہیں کرنا چاہتی - یہی وجہ ہے کہ جو اتنا بڑا ہنگامہ مرادآباد میں ہوا - جس کا ملک میں ہر طرح سے کنڈمنیشن ہوا اس کا حکومت نے یہ حل ڈھونڈا کہ ایک نیشنل انٹی گریشن کوتسل قائم کر دی - لیکن اس نیشنل انٹی گریشن کونسل قائم کرنے کے اندر بھی وہ سنجیدگی نہیں تھی اور اس کا نتیجہ یہ ہوا کہ آج مرادآباد کی بات ختم بھی نہیں ہوئی کہ آج ہم بہار شریف کو رو رہے ہیں اور آج مجھے پھر یہ کہنا پڑتا ہے کہ چنگیز ہلاکو خاں کا نام تو تاریخ میں آیا ہوگا اور لوگوں نے سنا ہوگا - لیکن آج اس چنگیز ہلاکو خاں کی روحیں شرما رہی ہیں ان فرقہ پرستوں پی - اے - سی - بی - ایم - پی - کو دیکھ کر جو ہندوستان میں فرقہ پرستی کے نام پر گلا کاٹ رہے ہیں - لیکن اس کے باوجود آج بھی صورت حال وہیں ہے جہاں پہلے تھی - میں پوچھنا چاہتا ہوں منسٹر صاحب سے کہ ہماری پرائم منسٹر وہاں گئیں - دیکھنے کے لئے بہار شریف میں - کسی جرنلسٹ نے کسی اخبار نویس نے یہ پوچھا پرائم منسٹر سے کہ کیا یہ صحیح نہیں ہے کہ یہ ایک منسٹریشن کا فیلیور ہے - مطلب یہ کہ یہاں کا انتظامیہ فیل ہو چکا

[شری سید احمد ہاشمی]

مرنے والوں کی تعداد میں اضافہ ہوتا رہا - محض اتنی سی بات کہہ دینے سے کہ ہم نے وہاں پونیٹو فائل لگا دیا ہے اور ایڈمنسٹریٹیو کنٹرول کو لیا ہے - اجتماعی جرمانہ لگا دیا ہے اسے معاملہ حل نہیں ہو جاتا - جرمانہ کی بات کو میں کہتا ہوں کہ سنہ ۷۸ کے اندر ایمنٹی رزرویشن ایجی ٹیشن نے موقع پر اور اس کے بعد ۱۹۸۰ کے اندر پرس بیگھہ اور بیوڑا کے اندر جب اس طرح کا حادثہ ہوریجنوں کے ساتھ ہوا تو اس وقت بھی بہار حکومت نے اجتماعی جرمانہ کا اعلان کیا تھا اور کہا تھا کہ ہم ان کو اتنے روپیہ دینگے یا یہ سہولتیں دینگے لیکن کچھ نہیں ہوا - اور آج بھی آپ نے دس ہزار روپیہ کا اعلان کیا ہے اس کی کیا گارنٹی ہے کہ ان سب کو ایمپلیمینٹ کر دیا جائے گا ؟ اور پرس بیگھہ اور بیوڑا کی طرح سے یہاں پر بھی امپلیمینٹ نہیں ہوگا ایسا میرا اندازہ ہے - میں سمجھتا ہوں آپ نے جو یہ اعلان کیا ؟ تھوڑی دیر کے لئے یہ پریس میں آ جائے گا اور لوگ سمجھیں گے کہ ان کے لئے کچھ ہو رہا ہے اور ان کے اندر کچھ تسلی بھی پیدا ہو جائیگی - ورنہ حقیقت یہ ہے جیسا میں نے عرض کیا کہ حکومت اس سلسلے میں سیریس نہیں ہے میں ایک چھوٹی سی بات کہتا ہوں پانی کے ٹینک سانپی نے ابھی چھہ سات دن کے بچے کی بات کہی جیسے پتھر پر پھینک دیا گیا - لیکن چند اخباروں کی رپورٹ یہ بھی ہے کہ چھہ اور سات دن کے بچے سے لے کر سال اور دو سال کے ایک نہیں بہت سے بچوں کو ان کی ماؤں کی گود سے چھین کر مارا گیا ہے - اور انہیں قتل کیا گیا ہے جس کی کوئی انتہا نہیں ہے - آج میں بھی کہتا ہوں چیلنج کے ساتھ کہ اگر حکومت کے پاس کوئی ایکوریٹ فیگر متعین تعداد ہے تو وہ بتائے کیونکہ میری اطلاع ہے کہ اس میں دوسرے زائد لوگوں کی جانیں گئی ہیں - میں سمجھتا ہوں جس طریقہ سے پہلے روز یعنی تیس اپریل کو جو رائٹ ہوئے اس میں مرنے والوں کی فیگر چھپائی گئی ہے وہ شرمناک ہے اور ایڈمنسٹریشن کی طرف سے صرف لا کی بات کی گئی ہے مرادآباد میں جب رائٹ ہوئے تھے اس میں بھی یہی ہوا - ایڈمنسٹریشن نے یہ اسٹریٹیجی بنا رکھی ہے کہ صحیح فیگر نہ دی جائے - جتنی کم معلوم ہو سکے اتنی دی جائے - ہم اپنی زبان سے کچھ نہ کہیں اور کم سے کم فیگر بتائیں - پہلے دن سے یہ کہا جاتا رہا کہ سیچویشن انڈر کنٹرول لیکن روزانہ فسادات پھیلتے رہے ؛ بڑھتے رہے اور

میں زہر ملانے کی بات کہی گئی - یہ خبر کچھ روز کے بعد آج پریس میں آئی ہے - چار روز سے وہاں افواہیں گھوم رہی تھیں لیکن کسی قسم کا اناؤنس مینٹ یا کنٹراڈکشن ایڈمنسٹریشن کی طرف سے نہیں کیا گیا کہ یہ کام اقلیتوں یا مائنوریٹی کی طرف سے نہیں کیا گیا اور یہ بات بالکل غلط ہے - اگر اس طرح کی ریومر کو پھیلانے کا موقع دیا جاتا رہا تو میں سمجھتا ہوں اس سے بھی فرقہ وارانہ دوستی کی فضا یا میل ملاپ کی فضا پیدا نہیں ہوگی - جیسا میں نے عرض کیا کہ کرمینل الیمینٹ کو بچانے کے لئے حکومت زیادہ دلچسپی رکھتی ہے - یہی وجہ ہے کہ آج اخبارات کے اندر مقامی سی - پی - آئی - کی رپورٹ چھپی ہے کہ اصل ملزم گھوم رہے ہیں - میں منسٹری مہودے سے کہوں گا وہ اس کو پڑھیں اس میں یہ کہا گیا ہے - کہ آج بھی جو کلپرٹ جو ہیں اور جو لوگ اس کے لئے ذمہ دار ہیں آزادانہ گھوم رہے ہیں - یہ کہا گیا ہے کہ صرف پانچ لوگ پکڑے گئے ہیں اور آر - ایس - ایس - کے ورکرس اور اصل ملزم اب تک نہیں پکڑے گئے ہیں - میں کہتا ہوں کہ کیا ہوم منسٹر صاحب اس بات کا ایشوینس دے سکتے ہیں یقین دلا سکتے ہیں کہ جو واقعی کلپرٹ ہوں خواہ پی - اے - سی - کے لوگ ہوں یا ناکا کرنے والے فرقہ پرست ہوں ان کو موت کی سزا دی جائیگی - وہ سوسائیٹی کے مجرم ہیں ایک قتل پر آپ کہتے ہیں کہ اس کو سزا موت ہو سکتی ہے لیکن میں پوچھتا ہوں کہ ہندوستان میں ۳۲ برسوں میں آج تک کوئی ایک واقعہ ہے جس میں کسی کلپرٹ کو کسی ملزم کو سزا دی گئی ہو - میری اطلاع ہے کہ کوئی سزا نہیں دی گئی جیسا کہ آج ہمارے ہوم منسٹر گیانی ذیل سنگھ نے فرمایا کہ اندازہ ہے کہ بعض آفیسرس بھی اس میں انوالو ہیں اس کے اندر ان کا بھی ہینڈ ہے - لیکن میں پوچھنا چاہتا ہوں کہ کیا ان آفیسرس کو جن کا اس میں انوالو مینٹ ہے کسی قسم کی سزا ملے گی بارہ کلپرٹ جو اس میں انوالو ہیں ، ذمہ دار ہیں - کیا ان کو موت کی سزا دی جائیگی ، ایسے کلپرٹ جو موت اور قتل کے ذمہ دار ہیں سوسائیٹی کے مجرم ہیں - اگر آپ ان کو موت کی سزا نہیں دے سکتے تو میں یہ کہوں گا کہ آپ اس سلسلے میں سیریس نہیں ہیں خالی قومی آپ کا یہ نعرہ ہے ، دھوکہ ہے - اس سے کوئی فائدہ نہیں ہے - اس کے ساتھ ہی میں کہوں گا مجھے انتہائی تکلیف ہوئی ہے اس بات کی کہ یہ فساد ، کمیونل رائٹ یہ نیشنل پرابلم ہیں ایک قومی مسئلہ ہیں - اس سلسلے کے اندر اپوزیشن کی رائے الگ

بھی پیدا ہوئے لیکن اس بات کو بھی نہیں بھلایا جا سکتا ہے کہ گوتم سے جیسے لوگ بھی اس ملک میں پیدا ہوئے یہ سب تاریخ کی ایک زندہ حقیقت ہے جس سے انکا نہیں کیا جا سکتا ، نظر انداز نہیں کیا جا سکتا - اس ملک میں بڑے لوگ ہی ہیں لیکن ساتھ ساتھ بڑے بڑے شیطان بھی ہیں جن کے خلاف ایکشن لینے کے لئے ہماری حکومت تیار نہیں ہے میری تو اتنی ہی گزارش ہے کہ جو شیطان اس بات کے لئے ذمہدار ہیں ان کی نہ صرف مذمت کی جائے بلکہ ان کے خلاف سخت ایکشن بھی لیا جائیے - مجھے پیس فورس کی بات یاد آتی ہے بہت دنوں سے اس سلسلے کے اندر باتیں چلی ہیں میں نے بھی پرائم منسٹر اور ہوم منسٹر صاحب کو اس بارے میں شکایت بھیجا تھا جس سے ہوم منسٹر اور پرائم منسٹر سہمت ہوئے - میں پھر اس کو سدن میں دوہرانا چاہتا ہوں - مسئلہ صرف پیس فورس اور ایڈی رائٹس فورس کا نہیں ہے ملک کے اندر جتنی بھی فورسیز ہیں چاہے وہ پی - اے - سی - ہو - بی - ایم - پی - ہو یا اسٹیٹ پولیس ہو یا بی - ایس - ایف - یا سی - آر - پی - ہو دیکھ لیجئے بات یہ ہے ہمارے ملک میں کمیونل پرابلم ایک نیشنل پرابلم بن گیا ہے اور اس میں کافی دقتیں پیدا ہو گئیں

[شری سید احمد ہاشمی]

ہو سکتی ہے لیکن حکمران پارٹی کے لوگ اس تاویل کریں - اس کے فریق بن جائیں اس کا دفاع کریں تو یہ انتہائی شرمناک اور قابل مذمت بات ہے اور حکومت اس کے اندر کوئی ایکشن نہ لے یہ اچھی بات نہیں ہے - اگر اپوزیشن اس مسئلہ کو پولیٹیکلائز کرتا ہے تو میں اس سے بھی سہمت نہیں ہوں لیکن ساتھ ساتھ ہمارے دوست جو رولنگ پارٹی میں بیٹھے ہوئے ہیں میں ان سے کہوں گا کہ ان کو بھی اس مسئلہ پر گہرائی اور درد مندی سے سوچنا چاہئے - اس مسئلہ کو وہ بھی پولیٹیکلائز نہ کریں یہ قابل مذمت مسئلہ ہے ہندوستان کی ، ہمارے ملک کی گردن اس طرح کے معاملوں میں شرم سے جھک جاتی ہے جب اس قسم کے واقعات ہوتے ہیں تو وہ کسی کے لئے بھی اچھے نہیں ہوتے ہیں - گیانی جی نے بعض دوستوں کے یہ کہنے پر کہ یہ چوروں اور ڈاکوؤں کا ملک ہے ناراضگی ظاہر کی یہ ٹھیک ہے کہ اس طرح کی باتوں سے ہمارے ملک کی تصویر باہر کے ملکوں میں خراب ہوتی ہے - لیکن اس کا مطلب یہ نہیں ہے کہ اس ملک میں مہا پرش نہیں ہوئے - اس ملک میں بڑے بڑے مہا پرش ہوئے ، فقیر اور صوفی ہوئے اور بڑے بڑے ولی ہوئے - یہیں پر مہاتما گاندھی

جو ٹریننگ بی - ایس - ایف - سی - آر - پی - اور بی - ایم - پی - کو دی جاتی ہیں اس میں ابھی تک کوئی نیشنل آؤٹ لک کی ٹریننگ نہیں ہے ہوم منسٹری کے اندر ایسا کوئی سوال نہیں ہے جو ان لوگوں کو نیشنل آؤٹ لک کی ٹریننگ دے سکے - یہی لوگ جب اپنی ڈیوٹی پر جاتے ہیں میدان میں جاتے ہیں تو ان کا بیہیویر دوسرا ہوتا ہے جس طرح سے ان لوگوں کو ڈیل کرنا چاہئے اس طرح سے یہ ڈیل نہیں کرتے ہیں اور ان میں پکشپات اور جانبداری آ جاتی ہے یہی وجہ ہے کہ پی - اے - سی اور بی - ایم - پی - کافی بدنام ہیں یہی نہیں بہار ملٹری پولیس نے بہار شریف میں خاموشی سے تماش بین کا رول ادا کیا بلکہ میری اطلاع تو یہ بھی ہے کہ بی - ایم - پی - اور پولیس کے لوگ اس فساد میں شامل تھے آپ کہہ سکتے ہیں کہ سب پولیس والے ایسے نہیں ہو سکتے ہیں لیکن پولیس والوں کی ایک بہت بڑی تعداد ایسی ضرور ہے جن کے خلاف آج تک حکومت کچھ بھی نہیں کر سکی بلکہ ان کو ڈیفینڈ کرتی رہی اس نے ان کے خلاف سنجیدگی سے کوئی ایکشن لینے کی بات نہیں سوچی - اس طریقہ سے اگر کلپرٹس کو ہی ڈیفینڈ کیا جائے گا تو یہ مسئلہ کیسے سلجھ سکتا ہے - میں

آپ کا زیادہ وقت نہیں لوں گا - میں ایک مثال دینا چاہتا ہوں پچھلے دنوں مسٹر فاروقی مقیم الدین فاروقی جو حیات اخبار نکالتے ہیں ان کو پروسیکیوٹ کیا گیا - حیات میں انہوں نے اپنی سی - پی - آئی - کے جنرل سیکریٹری شری راجیشور راؤ کی ایک اسپیچ جو کہ کمیونل فورسیز کے اوپر تھی اور جس میں آر - ایس - ایس - کو کریٹیسائز کیا گیا تھا اس تقریر کو انہوں نے حیات میں چھاپ دیا - ان کو اس وجہ سے پروسیکیوٹ کیا گیا کہ آپ فرقہ پرستی کے خلاف کیوں لکھتے ہیں یہ آپ کے دلی ایڈمنسٹریشن کے اندر کا واقعہ ہے - اسی طریقہ سے جن کو آپ نیشنل پریس کہتے ہیں ان کے اندر اگر فرقہ پرستی کی یا بھید بھاؤ کی بات آئے تو ان کو کھلی چھوٹ دی جاتی ہے - دلی کے اندر ہی بہت سے اخبار ہیں جیسے پرتاپ ہے اور جالندھر کا ہند سماچار ہے - ہند سماچار جالندھر سے نکلتا ہے اور پرتاپ دہلی سے نکلتا ہے تو اس طرح کے جو نیشنل ڈیلیز ہیں ان کی آپ اسکروٹنی کریں - آپ کا پریس انفارمیشن بیوریو اتنا بڑا شہر بیٹھا ہوا ہے لیکن پتہ نہیں کہ وہاں کس طرح سے کام ہوتا ہے اور کس طرح سے ہوم منسٹری کے سامنے رپورٹیں آتی ہیں - آج تک ان پیپرس کے خلاف کوئی ایکشن نہیں لیا گیا -

[شری سید احمد ھاشمی]

اگر ایکشن لیا جاتا ھے تو الجمیعۃ کے خلاف لیا جاتا ھے جو فرقہ پرستی کا کنڈ مذیشن کرتی ھے - اس کے خلاف کارروائی ضرور ھوتی ھے - یہاں میں نے ایک مثال دی ھے....(مداخلت)

حیات کی مثال....(مداخلت)

....بیگم صاحبہ آپ کو معلوم نہیں ھے....(مداخلت) میں نے مثال دی ھے پرتاپ کی.. (مداخلت)

